26 जनवरी 1950 को स्थापित/संस्थापक बाबूसिंह चौहान

# चिंगारी

बिजनौर : रविवार, 2 अगस्त , 2026

अंक- 279 मूल्य दो रुपये पृष्ठ 16

# कॉमनवेल्थ गेम्स में 10वें दिन भारत को 8 गोल्ड

## 7 बॉक्सरों ने दिलाए, एक पैरा शॉटपुट में मिला



### भारत तालिका में चौथे स्थान पर

**नई दिल्ली (एजेंसी/चिंगारी)।** स्कॉटलैंड के ग्लासगो में चल रहे कॉमनवेल्थ गेम्स 2026 के 10वें दिन शनिवार को भारत ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 8 गोल्ड मेडल जीते। इनमें 7 गोल्ड बॉक्सिंग और एक पैरा शॉटपुट से आया। भारत ने पहली बार कॉमनवेल्थ गेम्स के एक ही एडिशन में बॉक्सिंग में 7 गोल्ड मेडल जीते हैं। महिला बॉक्सिंग में प्रीति पवार, जैस्मिन लांबोरिया, साक्षी चौधरी, प्रिया घंघास और अरुंधति चौधरी ने अपने-अपने फाइनल जीतकर गोल्ड मेडल हासिल किए। पुरुषों में सचिन सिवाच और अंकुश पंघाल ने गोल्ड मेडल जीते। बॉक्सिंग में ही लवलीना बोरगोहेन, जादुमणि और नरेंद्र बेरवाल को सिल्वर मेडल से संतोष करना पड़ा। पैरा एथलेटिक्स में सोमन राणा ने गोल्ड जीता। पुरुषों की 5000 मीटर दौड़ में गुलवीर सिंह ने ब्रॉन्ज मेडल अपने नाम किया। इसके साथ ही वे कॉमनवेल्थ गेम्स में 5000 और 10000 मीटर दोनों इवेंट में मेडल जीतने वाले पहले भारतीय एथलीट बन गए। भारत ने ट्रिपल जंप में दो और मेडल भी जीत लिए। अंकुश पंघाल ने पुरुषों के 80 किलोग्राम भार वर्ग के फाइनल मुकाबले में इंग्लैंड के मुक्केबाज डिमेजी शिट्टू को 4-1 से हराया। अंकुश फाइनल की शुरुआत से ही अपना दबदबा बनाया और आखिर में जीत अपने नाम की। सचिन सिवाच ने पुरुषों के 60 किलोग्राम भार वर्ग के फाइनल में नामीबिया के मुक्केबाज को ट्राईगेन मॉर्निंग नडेवेलो को 3-2 से हराया। दूसरे राउंड में रेफरी ने सचिन पर एक अंक की पेनल्टी लगाई थी। ऐसे में आखिरी राउंड में उनका 4-1 से जीतना जरूरी हो गया था।

## दुबई में बैठकर यूपी में आतंकी साजिश

**लखनऊ (एजेंसी/चिंगारी)।** यूपी में रेलवे सिग्नल बॉक्स में धमाका करने की साजिश रचने वाले आतंकी मॉड्यूल के सरगना का प्रत्यर्पण कराना जांच एजेंसी के लिए बड़ी चुनौती बन गया है। जांच एजेंसी कागजी प्रक्रिया कर विदेश मंत्रालय को दस्तावेज भेजकर पूरी जानकारी साझा कर चुकी है, लेकिन अब तक उसमें कोई सफलता नहीं मिली है। सरगना दुबई में बैठकर सोशल मीडिया के जरिये नेटवर्क तैयार कर रहा है। एटीएस ने दो अप्रैल 2026 को आलमनगर रेलवे स्टेशन से चार संदिग्ध आतंकियों शाकिब, अरबाब, विकास और लोकेश को गिरफ्तार किया था। एटीएस ने खुलासा किया था कि आरोपी पाकिस्तानी गैंगस्टर शहजाद भट्टी व आईएसआई एजेंट के संपर्क में थे। उनके इशारे पर वह देश के अलग-अलग शहरों में रेलवे सिग्नलों व सिलिंडर भरे वाहनों में विस्फोट करने वाले थे। जांच में खुलासा हुआ था कि इनका सरगना दुबई में बैठा मेरठ निवासी आकिब है। उसके खिलाफ रेड कॉर्नर नोटिस जारी हो चुका है।

**मकान बिकाऊ है**

राम के चौराहे के पास, दो मंजिला कॉर्नर का मकान (दो तरफ रोड), एरिया-158 वर्ग गज, गैराज के साथ बिकाऊ है। पहली मंजिल दुकान/मकान दोनों के लिये उपयुक्त है।

संपर्क : 9958258800, 9415219530

## पीएम मोदी ने किया नशे के खिलाफ देशव्यापी अभियान का आगाज



### बोले- युवा तन-मन से हों स्वस्थ, तभी विकसित होगा भारत

**नई दिल्ली (एजेंसी/चिंगारी)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से 'नशा मुक्त युवा फॉर विकसित भारत संकल्प अभियान' की शुरुआत की। पीएम नरेंद्र मोदी ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि 28 हजार से ज्यादा जगहों से जुड़े मेरे एक करोड़ से ज्यादा युवा साथियों का अभिनंदन करता हूं। उन्होंने कहा कि आज हम सभी जिस अभियान के साक्षी बन रहे हैं, वह अभियान व्यक्ति के लिए है, परिवार के लिए है, समाज के लिए भी है और सबसे बड़ी बात है ये राष्ट्र के लिए है। विकसित भारत संकल्प अभियान के लिए नशामुक्त युवा, इस मूवमेंट का नाम ही इसके संकल्प को स्पष्ट करता है। पीएम मोदी ने कहा, आज जब देश ने विकसित भारत का लक्ष्य तय किया है, तो इसके लिए जरूरी है देश का युवा तन-मन से स्वस्थ हो और आत्मविश्वास से भरपूर हो। इसके साथ ही ड्रग्स जैसी घातक आदत से हमेशा दूर ही रहें।



**आदर्श आयुर्वेदा**

गुप्त रोग घबरायें नहीं उचित इलाज करवायें

धात, सैक्स, नामर्दी, शीघ्रपतन, बेऔलाद, शुक्राणु की कमी

जबर्दस्त मर्दाना ताकत प्राप्त करें।

गठिया, बाय, जोड़ों व घुटनों के पुराने दर्द का आयुर्वेद दवाइयों द्वारा सफल इलाज।

पता- बैराज रोड, निकट मित्तल पेट्रोल पम्प, बिजनौर

मो. 7017484725 बुधवार पूर्ण अवकाश






# मु.नगर के सुप्रसिद्ध उद्योगपति सुरेशचंद बिंदल का निधन





**मुजफ्फरनगर ( चिंगारी )।** शहर के जाने-माने प्रतिष्ठित उद्योगपति और बिन्दल ग्रुप के चेयरमैन सुरेशचन्द बिन्दल का शनिवार को निधन हो गया, वह 86 वर्ष के थे। सैकड़ों लोगों की मौजूदगी में नई मंडी श्मशान घाट पर उनका अन्तिम संस्कार किया गया। मुखाग्नि उनके पुत्र मयंक बिन्दल (सोंटी) ने दी। उद्योगपति के निधन की खबर मिलते ही व्यापार जगत और सामाजिक व व्यापारिक लोगों में शोक की लहर दौड़ गई। उद्योगपति और काफी लोग उनके निवास पर पहुंचे और दुख की इस घड़ी में पीड़ित परिवार को सांत्वना दी। अन्तिम यात्रा में मंत्री कपिल देव, पूर्व मंत्री संजीव बालियान, पूर्व सांसद नूर सलीम राणा, संजय जैन, रघुराज गर्ग, कादिर राना, गौरव स्वरूप, भीम कंसल, सतीश गोयल, श्रवण गर्ग, संजय मित्तल, विकास स्वरूप, पराग गोयल सहित सैकड़ों लोग शामिल हुए। चिंगारी परिवार की ओर से हार्दिक श्रद्धांजलि।

# विद्यालय में हुई हाउस बोर्ड डेकोरेशन प्रतियोगिता



**नगीना ( चिंगारी )।** एस.एस.के. इंटरनेशनल एकेडमी में विद्यार्थियों की रचनात्मक प्रतिभा एवं टीम भावना को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से हाउस बोर्ड डेकोरेशन प्रतियोगिता का सफल आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में सभी हाउस के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया तथा अपने-अपने हाउस बोर्ड को आकर्षक एवं कलात्मक ढंग से सजाया। विद्यार्थियों ने रंगों, चित्रों एवं प्रेरणादायक संदेशों के माध्यम से अपनी सृजनात्मक क्षमता का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। ड्रैगन्स हाउस ने रक्षाबंधन,स्कॉर्पियन हाउस ने हरियाली तीज, ईगल्स हाउस ने स्वतंत्रता दिवस और बुल्स हाउस ने जन्माष्टमी थीम द्वारा बोर्ड को सजाया। विद्यालय के प्रबंध निदेशक साहू अनुभव अग्रवाल ने विद्यार्थियों के प्रयासों की सराहना करते हुए उन्हें निरंतर सृजनात्मक गतिविधियों में भाग लेने के लिए प्रेरित किया। प्रधानाचार्या अंशु विश्नोई ने सभी प्रतिभागियों को शुभकामनाएं दीं तथा सभी हाउस को बधाई देते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

# मो. रफी की पुण्यतिथि पर हुआ कार्यक्रम


**नगीना ( चिंगारी )।** गायक मो. रफी की 46वीं पुण्यतिथि पर आयोजित संगीतमय श्रद्धांजलि कार्यक्रम में कलाकारों ने मोहम्मद रफी के यादगार व सदाबहार गीत गाकर श्रद्धांजलि अर्पित की। काशीनाथ मेमोरियल हॉल में हलचल म्यूजिकल सोसाइटी द्वारा महान गायक स्व.मो. रफी की 46 वीं पुण्यतिथि पर संगीतमय श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित किया गया। सोसाइटी की संरक्षिका रही डॉ. कुसुमलता बिश्नोई को समर्पित कार्यक्रम की शुरुआत रेलवे स्टेशन अधीक्षक धामपुर जोगेन्द्र कुमार व मोहम्मद असलम द्वारा संयुक्त रुप से मो. रफी के चित्र पर माल्यापर्ण कर किया गया। संगीतमय श्रद्धांजलि कार्यक्रम की शुरुआत पी.एल.बिश्नोई द्वारा रफी के यादगार गीत 'गुलाबी आंखें जो तेरी देखीं' से हुई। इसके बाद सोसाइटी के कलाकारों क्रमशः के.के. बिश्नोई, ईश्वर, सरफराज, विशाल सैनी, मो.इरफान ने रफी के गीतों को सुनाकर स्त्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। शायर रईस राही ने अपनी शानदार ग़ज़ल के माध्यम से श्रद्धांजलि अर्पित की। संगीतमय श्रद्धांजलि कार्यक्रम का समापन सोसाइटी के निर्देशक सुशील गुप्ता द्वारा मो. रफी के सदाबहार गीत 'क्या हुआ तेरा वादा' से हुई, जिसे श्रोताओं की भरपूर तालियां मिलीं। उर्दू शायर डॉ. आलमगीर काज़मी ने कार्यक्रम का संचालन किया ।





# महाविद्यालय में चला नशामुक्ति अभियान

**नगीना ( चिंगारी )।** कृष्ण गोपाल महाविद्यालय में आठ अगस्त तक 'नशा मुक्त भारत अभियान' संचालित किया जायेगा, जिसके अनुसार प्रत्येक दिन अलग-अलग कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। नशा मुक्ति सम्बंधित शपथ ग्रहण, नशा मुक्ति संबंधित व्रत चित्र दिखाना, महानिषेध एवं समायोजन विभाग के पदाधिकारी द्वारा व्याख्यान का आयोजन, वृक्षारोपण कार्यक्रम, जगरुकता हेतु भाषण प्रतियोगिता का आयोजन, नशामुक्ति संबंधित पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन, स्वच्छता अभियान आदि। महाविद्यालय में एक अगस्त को 'स्वच्छता अभियान' मनाया गया, जिसमे छात्राओं ने कॉलेज कैंपस की सफाई की गई। छात्राओं द्वारा स्वच्छता व नशा मुक्ति संबंधित पोस्टर बनाए गए।



# किशोरी को फुसलाकर ले गये 8 लोग

**नगीना ( चिंगारी )।** एक किशोरी की मां ने आठ लोगों के खिलाफ उसकी पुत्री को बहला-फुसलाकर ले जाने के मामले में मुकदमा दर्ज कराया है। थाने में दर्ज कराए गए मुकदमे में एक महिला ने कहा कि वह एक किराए के मकान में रहती है। आरोप लगाया गया है कि उसकी पुत्री को 12 जुलाई को थाना बढ़ापुर के एक गांव निवासी विकास, कैलाश, बबीता,विपिन, साजन, आशीष, कशिश,सतीश घर से बहला-फुसलाकर अपने साथ ले गए। कहा गया कि उसने अपनी पुत्री को कई जगह खोजा लेकिन कहीं नहीं मिली। आरोप लगाया गया कि 25 जुलाई को एक मोबाइल नंबर से कॉल आई जिसमें कॉल करने वाले पर धमकी देने का आरोप लगाया गया। सीओ राजेश सोलंकी ने प्राथमिकी दर्ज होने की पुष्टि की है।

# शद्दूमैन साहब का इंतेकाल



**शेरकोट ( चिंगारी )।** पूर्व भाजपा नेता लईकुर्रहमान उर्फ शद्दूमैन का शनिवार को लंबी बीमारी के बाद नजीबाबाद के एक प्राइवेट अस्पताल में इंतकाल हो गया। उनके इंतकाल की खबर से नगर में शोक की लहर दौड़ गई और स्थानीय सामाजिक, राजनीतक लोगों सहित उनके शुभचिंतकों ने गहरा दुख व्यक्त किया। नगर के मुहल्ला बकरकसाबान निवासी शद्दूमैन साहब के नाम से मशहूर लईकुर्रहमान दो दशक पूर्व भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के नगराध्यक्ष रहे। उन्होंने लंबे समय तक भाजपा के कर्मठ और समर्पित कार्यकर्ता के रूप में पार्टी को मजबूती करने में अहम भूमिका निभाई। वे सामाजिक कार्यों में भी बढ़-चढ़कर हिस्सा लेते थे और जनसमस्याओं को भी उठाते रहते थे। उन्होंने नगर पालिका चेयरमैन पद का चुनाव भी निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में लड़ा था। बीमारी के कारण फिलहाल वह पिछले कुछ वर्षों से घर में रहा करते थे। उनके पुत्र शारिक रहमान ने बताया कि वह काफी समय से अस्वस्थ थे और शनिवार को नजीबाबाद में उपचार के दौरान उन्होंने अंतिम सांस ली। मरहूम शद्दूमैन एक खुशमिजाज, मिलनसार एवं सादगी पसंद इंसान थे और अपने खुशअख्लक के कारण सभी वर्गों में लोकप्रिय थे। वह हर मंच पर अपने मजाहिया लहजे एवं बातों से सबका दिल जीत लेते थे और रोते हुए लोगों को हंसा देते थे। उनकी बातें लोगों को हमेशा उनकी याद दिलाती रहेंगी। आज सुबह 10 बजे शद्दूमैन साहब को गमगीन माहौल में सुपुर्द ए खाक कर दिया गया। उनके जनाजे में पूर्व विधायक इंद्रदेव सिंह,पूर्व विधायक मौ. गाज़ी, पूर्व चेयरमैन शेख कमरुल इस्लाम,सपा नेता अदनान राईन, काजी शमीम, संसद प्रतिनिधि विवेक सैन आदि सैकड़ों लोगों ने शिरकत की।

# वरिष्ठ पत्रकार नदीम अंसारी के इंतकाल पर मीडियाकर्मियों ने दुख जताया



**नजीबाबाद ( चिंगारी )।** नगर के वरिष्ठ पत्रकार नदीम अंसारी पुत्र मरहूम नईम आढ़ती का लंबी बीमारी के बाद चंडीगढ़ के पीजीआई में इंतकाल हो गया। वह करीब 58 वर्ष के थे। कई प्रतिष्ठित अखबारों में कार्यरत रहे वरिष्ठ पत्रकार नदीम अंसारी का बीमारी के चलते पीजीआई चंडीगढ़ में भर्ती कराया गया था, जहां शुक्रवार की रात आठ बजे उनका इंतकाल हो गया। नगर के मोहल्ला रम्पुरा निवासी नदीम अंसारी ने एमडीएस इंटर कॉलेज से इंटरमीडिएट करने के बाद लखनऊ से स्नातक किया तथा एमजे करने के बाद लखनऊ से ही पत्रकारिता शुरूआत की थी। नदीम अंसारी ने मेरठ, चंडीगढ़, फर्रुखाबाद सहित कई शहरों में रहकर जुझारू पत्रकारिता व सामाजिक मुद्दों पर लेखन से अपनी पहचान बनाई। वह अपने पीछे शिक्षिका पत्नी, पुत्र व पुत्री छोड़ गए। सूचना आयुक्त राजेंद्र सिंह, वरिष्ठ पत्रकार अनिल चैधरी, इकबाल हिंदुस्तानी, मुकेश सिंहा, कुलवीर राही, नौशाद मुल्तानी, एजाज अहमद, नईम सिद्दीकी, अवधेश शर्मा, जकी मलिक, जीशान नजीबाबादी, खिजर अहमद आदि ने नदीम अंसारी के इंतकाल पर दुख व्यक्त करते हुए उनकी मगफिरत के लिए दुआ की है।

मु.नगर के सुप्रसिद्ध उद्योगपति सुरेश चंद बिंदल का निधन ( पेज 8 )



# व्यापारियों ने मंडावर थाने पर किया जोरदार प्रदर्शन

## दो कांस्टेबिलों पर 10 हजार रुपये ऐंठने का आरोप



**मंडावर ( चिंगारी )।** स्थानीय व्यापारियों ने शनिवार को थाने पर जोरदार प्रदर्शन किया। आरोप है कि मंडावर थाने पर तैनात सिपाही विकास तोमर और सुमित पवार ने एक व्यापारी पर चोरी का मोबाइल बेचने का झूठा आरोप लगाते हुए 10 हजार रुपये ऐंठ लिए।

प्रदर्शन का नेतृत्व करने वाले व्यापारी अमित कुमार निवासी ग्राम सिमली मोहद्दीनपुर ने बताया कि उनकी ग्राम दयालवाला स्थित मोबाइल की दुकान है। सिपाही विकास तोमर उन्हें जबरन दुकान से उठाकर थाने ले गया। अमित कुमार ने मोबाइल से संबंधित सभी बिल, कागजात और प्रमाण दिखाए, लेकिन पुलिसकर्मियों ने उन्हें नहीं माना।

अमित कुमार के अनुसार, उन्हें हवालात में बंद कर दिया गया। सिपाही सुमित पवार ने उनके साथ अभद्र व्यवहार करते हुए गाली-गलौज की। अमित ने बताया उक्त मोबाइल उन्होंने 2024 में मिर्जापुर निवासी संतराम की पुत्री को नया डब्बा बंद (सील पैक) बेचा था, लेकिन पुलिस वाले नहीं माने। डरा-धमकाकर उनसे 10 हजार रुपये रिश्वत ली गई और मोबाइल भी जब्त रख लिया गया। 26 तारीख को जब अमित कुमार अपना मोबाइल वापस लेने थाने गए, तो सिपाही विकास तोमर ने उन्हें फिर चोर बताकर धमकाया और पैसे लौटाने से इनकार कर दिया। इसके बाद अमित कुमार ने थाना प्रभारी से शिकायत की, लेकिन कोई संतोषजनक कार्रवाई नहीं हुई। शनिवार को बड़ी संख्या में व्यापारी थाने पहुंचे और जोरदार प्रदर्शन किया। व्यापारियों ने थाना प्रभारी विपिन कुमार को प्रार्थना-पत्र सौंपा और मांग की सिपाही विकास तोमर तथा सुमित पवार के खिलाफ उचित कार्रवाई की जाए और उन्हें थाने से हटाया जाए। प्रदर्शन में प्रधान जगदीश सैनी, संकेत राठी, विकास कश्यप, देवेंद्र सैनीलाल, बहादुर, अमित कुमार, विपिन चौधरी अन्य व्यापारी लोग मौजूद रहे।

## पहले एक ने गाड़ी में, फिर दो ने बैंकट हॉल में किया दुष्कर्म

**नूरपुर ( चिंगारी )।** थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी महिला ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि गांव निवासी युवक पारस कुमार गत 29 जुलाई को उसकी नाबालिग बेटी को बहला-फुसलाकर अपने साथ ले गया। महिला का आरोप है कि उक्त युवक उसकी बेटी को नूरपुर के पास एक पैट्रोल पम्प पर ले गया, फिर उसके बाद वह किशोरी को गांव के पास एक बाग में लाया और वहां गाड़ी खड़ी करके गाड़ी में ही युवक ने उसके साथ दुष्कर्म किया। इस दौरान आरोपी ने फोन करके गांव निवासी अपने मित्र आसिफ को बुला लिया। आसिफ ने गाड़ी चलाई। इस बीच एक अन्य व्यक्ति भी गाड़ी में बैठ गया और फिर यह लोग चांदपुर में कमरा लेने के लिये अनेक जगह गये, लेकिन चांदपुर में कमरा न मिलने पर किशोरी को स्योहारा रोड स्थित एक विवाह मंडप में ले गए, जहां आरोपियों ने उसके साथ बारी-बारी से दुष्कर्म किया। महिला ने बताया कि उक्त दोनों युवक उसी दिन शाम 5 बजे उसकी बेटी को बेहोशी की हालत में गांव के बाहर जंगल में फेंक गए। होश आने पर किशोरी ने घटना के सम्बंध में परिजनों को बताया। पुलिस ने महिला की तहरीर पर दोनों आरोपियों के विरुद्ध सम्बंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है। थानाध्यक्ष प्रवेज कुमार ने मुकदमा दर्ज करने की पुष्टि की है।

### संबंध विच्छेद सूचना

मेरा सगा भाई महबूब अंसारी व उसकी पत्नी बुशरा में आपस में आयेदिन झगड़ा-फसाद रहता था। दोनों में मुकदमाबाजी चल रही है। मेरा व मेरे अन्य भाई व बच्चों का रहना, खाना-पीना अलग-अलग है। हमारा महबूब अंसारी व उसकी पत्नी बुशरा से कोई मतलब वास्ता नहीं है। मैंने व मेरे अन्य भाइयों ने खूब सोचकर समझकर सभी संबंध उनसे खत्म कर लिये हैं। भविष्य में कोई भी कृत्य करते हैं तो वह उसके स्वयं जिम्मेदार होंगे। **-फारूख पुत्र रईसुद्दीन निवासी मोहल्ला पतियापाड़ा, थाना चांदपुर, जिला बिजनौर**

TATA MOTORS COMMERCIAL VEHICLES | Better Always
TATA
INTRA V30 GOLD PICKUP




APPLY FOR VACANCY
- Sales Executives : 2 (Bijnor, Dhampur)
- Receptionist (Female) : 1 (Bijnor)
- Mechanic / Electrician : 2 (Bijnor)
- Cashier : 1 (Bijnor)

Contact - hr.cnsmotors@gmail.com, Ph: 7055501562

CNS Motors Pvt. Ltd. (TATA Motors CV Dealer)
Address: NH-119, Kiratpur Road, Pedda, Bijnor
Branches: Najibabad, Dhampur, Joya (Amroha)
Phone : 8484932387, 8476001007




कविता मोटर्स
हीरो मोटो कॉर्प के अधिकृत विक्रेता
किरतपुर रोड, श्री हॉस्पिटल के सामने बिजनौर
मो. 9289922765, 9457937407

# डीएम व एसपी ने किया कांवड़ यात्रा मार्ग का निरीक्षण



## बैरिकेडिंग, पैचिंग और सफाई के निर्देश दिये

बिजनौर (चिंगारी)। जिलाधिकारी जसजीत कौर व एसपी अभिषेक झा ने शनिवार को तहसील नगीना में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस के बाद पुलिस एवं प्रशासनिक अधिकारियों के साथ कांवड़ मार्ग का स्थलीय निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने बढ़ापुर तिराहा, रायपुर तिराहा सहित नजीबाबाद तक कांवड़ मार्ग का जायजा लेकर व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने ग्राम हरबंशपुर धारम मोड़ पर बैरिकेडिंग कराने तथा ग्राम सत्तारवाला मोड़ पर मिट्टी भरान एवं सफाई कार्य शीघ्र कराने के निर्देश दिए। रायपुर तिराहा के निकट स्थापित अस्थायी स्वास्थ्य केंद्र का निरीक्षण कर उन्होंने आवश्यक दवाओं की उपलब्धता की जानकारी ली। साथ ही घास कटाई का कार्य भी समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण ढंग से कराने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों से कांवड़ मार्ग पर चल रहे पैचिंग कार्यों को जल्द पूरा करने को कहा। इस दौरान ग्राम रावल्हेड़ी रेलवे फाटक के पास स्थित पुलिस सहायता केंद्र का भी निरीक्षण किया गया। जिलाधिकारी ने बताया कि कांवड़ यात्रा को सकुशल संपन्न कराने के लिए प्रशासन की ओर से कंट्रोल रूम स्थापित किए गए हैं। कांवड़ मार्ग पर सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं तथा प्रमुख मंदिरों सहित अन्य स्थानों पर आवश्यक व्यवस्थाएं की गई हैं।

# बनारस से आई पवित्र मिट्टी के कलश का स्वागत किया




बिजनौर (चिंगारी)। संत शिरोमणि श्री गुरु रविदास जी महाराज की जन्मभूमि बनारस से आई पवित्र माटी कलश यात्रा का इंजी. कविश राणा और भाजपा कार्यकर्ताओं ने विधानसभा नूरपुर में भव्य स्वागत किया।

कलश यात्रा का स्वागत गोहावर मंडल के गांव अब्दुलपुर दहना एवं श्री राम संतोष गार्डन (गोहावर), नूरपुर मंडल के नूरपुर चौराहे तथा मोरना मंडल के गांव बल्दाना में किया गया। इसके बाद यात्रा नहटौर विधानसभा के गांव अखेड़ा स्थित श्री गुरु रविदास जी महाराज के मंदिर पहुंची, जहां पवित्र कलश को पूरे विधि-विधान और सम्मान के साथ स्थापित किया गया।

इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि संत शिरोमणि श्री गुरु रविदास जी महाराज का संदेश 'मन चंगा तो कठौती में गंगा' आज भी समाज को सेवा, समानता, समरसता और मानवता का मार्ग दिखाता है। सभी ने गुरु महाराज से समाज में प्रेम, भाईचारा और सद्भाव बनाए रखने की प्रार्थना की। कार्यक्रम में इं. कवीश राणा, नरेश भाटी, प्रवीण, सुरेश, गौरव, पुष्पेंद्र, शैलेंद्र, निशांत, रवि पाल, फतेह सिंह, ज्ञानेंद्र कुमार, सत्य प्रकाश, शूरवीर, धर्मेंद्र, कपिल, राहुल सहित अनेक भाजपा कार्यकर्ता एवं श्रद्धालु उपस्थित रहे।

# बैरक नं. 8 में रखा गया सभी दोषियों को

बिजनौर (चिंगारी)। आजीवन कारावास की सजा सुनाये जाने के बाद प्रबल हत्याकांड के सभी दोषियों को जिला कारागार की बैरक नम्बर 8 में रखा गया है। इसी के साथ सभी सात दोषियों को कैदियों के रजिस्टर में क्रमांक भी दे दिये गये हैं। संजय गुप्ता को 234 और विनय अग्रवाल को 233 नम्बर दिया गया है। इसी तरह अन्य पांच दोषियों के भी कैदी नम्बर जारी कर दिये गये हैं। अब जेल में इन लोगों को इन्हीं नम्बरों से जाना जायेगा। सातों अभियुक्त 29 जुलाई से जेल में हैं। 31 जुलाई को इन्हें अदालत ले जाया गया था, जहां सजा का ऐलान किया गया। जेल मैनुअल के अनुसार अब ये सातों कैदी अपने मन पसंद कपड़े नहीं पहन पायेंगे। सजायाफ्ता कैदियों को जेल के नियमों के मुताबिक सफेद रंग का कुर्ता-पाजामा या पैंट-शर्ट पहनायी जाती है। जेल के सूत्रों के अनुसार 29 जुलाई से ही ये सातों कैदी जेल में बहुत असहज और बेचैन हैं।

## कानूनी लड़ाई जारी रहेगी-प्राची



प्राची अग्रवाल का कहना है कि उसके भाई के कातिलों को आजीवन कारावास की सजा सुनाये जाने के बाद भी उसकी कानूनी लड़ाई जारी रहेगी। प्राची ने कहा कि मामले में 13 अन्य लोगों को भी आरोपी बनाये जाने की याचिका हाईकोर्ट में लंबित है। अब वह उसमें पैरवी करेगी। कहा कि सात लोगों को सजा मिलने से उसके भाई तथा मां और पिता की आत्मा को शांति मिली होगी, लेकिन अभी लड़ाई बाकी है। इस मामले से जुड़े सभी लोगों को जब तक कानून के दायरे में नहीं लाया जाता, तब तक उसका संघर्ष जारी रहेगा। उम्मीद है कि हाईकोर्ट से भी उन्हें न्याय मिलेगा।

## बिजनौर में अब शुरू होगी नई वाहन पंजीकरण सीरीज यूपी-20 डीटी

बिजनौर (चिंगारी)। उपसंभागीय परिवहन कार्यालय बिजनौर में व्यवसायिक वाहनों के पंजीकरण के लिए आवंटित यूपी-20 सीटी सीरीज एक अगस्त 2026 को समाप्त हो गई है। इसके बाद अब जनपद में नये व्यवसायिक वाहनों का पंजीकरण यूपी-20 डीटी सीरीज के तहत किया जाएगा। सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी (प्रशासन) महेश कुमार शर्मा ने बताया कि नई सीरीज तीन अगस्त 2026 से प्रभावी होगी। इसी के साथ फैन्सी नंबरों की नीलामी और पसंदीदा नंबरों की बुकिंग की प्रक्रिया भी शुरू की जाएगी। परिवहन विभाग ने नये व्यवसायिक वाहन खरीदने वाले वाहन स्वामियों और डीलरों से नई सीरीज के अनुसार पंजीकरण प्रक्रिया पूरी कराने की अपील की है। विभाग ने कहा है कि इच्छुक व्यक्ति फैन्सी नंबर और च्वाइस नंबर की बुकिंग निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार करा सकते हैं।

# शहनाई बैंकेट हॉल के पीछे वाले गेट से खींचकर ले गये थे प्रबल को



प्रबल का फाइल फोटो

बिजनौर (चिंगारी)। प्राची अग्रवाल ने अदालत में दिये अपने बयान में कहा था कि 19 दिसम्बर 2012 की शाम करीब 7:30 बजे आशीष अग्रवाल उसके भाई प्रबल को अपने साथ लेकर गया था। घर के बाहर सचिन अग्रवाल खड़ा था। उसने अपने भाई को आशीष व सचिन के साथ जाते हुए देखा था। ये लोग प्रबल को शहनाई बैंकट हाल में चल रहे अग्रसैन जयंती समारोह में ले गये थे। आधा घंटा बाद वह (प्राची) भी पड़ोस की दो महिलाओं के साथ शहनाई बैंकट हॉल गई थी। इस दौरान लगभग पौने 9 बजे शहनाई बैंकट हॉल में जहां खाना चल रहा था, वहां कुछ व्यक्तियों द्वारा एक युवक को लात-घूंसों से मारपीट करते देखा। बैंकट हॉल के पीछे की तरफ गली में एक गेट खुलता है। अभियुक्त प्रबल को उस गेट से खींचकर बाहर ले गये। शहनाई बैंकट हॉल के दूसरे गेट से मिली हुई गली के पास शक्ति चौराहे की तरफ से आकर एक कार रुकी। उन लोगों ने प्रबल को खींचकर कार में डाला। कार की ड्राइवर सीट पर राहुल गुप्ता था और पास में संजय गुप्ता बैठा था। पिछली सीट पर दो-तीन व्यक्ति बैठे हुए थे। 21 दिसम्बर को मेरे पापा, मामा व चाचा थाने में गये और प्रबल की गुमशुदगी दर्ज करायी। प्राची ने अपने बयान में कहा कि गुमशुदगी दर्ज होने के बाद मुल्जिमान उनके यहां चक्कर काटने लगे। 22 दिसम्बर को कुछ लोग उनके यहां आये और कहा कि आपका बेटा आ जायेगा, नामजद रिपोर्ट न करायें। उसके बदल हमसे ब्लैंक चैक ले लें। फिर 25 दिसम्बर को एक मीटिंग शंभा बाजार में हुई, जिसमें समाज के कई प्रमुख व्यक्ति मौजूद थे। हमें भी मीटिंग में बुलाया गया। पापा के सामने यह लोग हाथ जोड़कर खड़े हो गये कि अग्रवाल साहब आपका बेटा हमसे मारा गया। इन लोगों ने दोबारा खाली चैक दिखाया और कहा कि जितना मन हो, उतना रुपया भर लो। इस पर पापा (आलोक अग्रवाल) ने कहा कि मेरा तो इकलौता बेटा था, आपके दो-दो तीन-तीन हैं, जिसे मन चाहे एक को अपने हाथ से मार दो। हमने केस वापस लेने से मना किया तो ये लोग कहने लगे देख लेंगे। प्राची ने अपने बयान में आगे कहा कि उसके भाई प्रबल की दुकान रामलीला मैदान के सामने थी। वहां बुधवार व रविवार को लगने वाली अवैध पैठ से वसूली की जाती थी। मेरे भाई की दुकान के बाहर भी पैठ लगती थी, जिसका वह कभी-कभार विरोध कर देता था, जिस पर फड़ लगाने वाले उगाही देने से मना करने लगे, जिस पर संजय गुप्ता, विनय आदि की प्रबल से बोलचाल हो जाती थी। बाद में इन लोगों ने एक राय होकर षडयंत्र करके मेरे भाई की हत्या कर दी।

## घटना में प्रयुक्त कार विनीत के गैराज से और प्रबल का पर्स संजय गुप्ता के पास से बरामद हुआ था

सीओ सूर्यनाथ यादव ने अदालत में दिये बयान में बताया कि घटना में प्रयुक्त स्विफ्ट क्रेजा सफेद रंग की कार संख्या यूके 07 ए डी 9600 विनीत कुमार की गैराज से पुलिस ने कब्जे में ली थी। उधर, चार्जशीट के मुताबिक प्रबल का पर्स अभियुक्त संजय गुप्ता के पास से बरामद हुआ था।

## हाईकोर्ट में दायर याचिका से खलबली

प्रबल हत्याकाण्ड में 13 अन्य लोगों को तलब करने के संबंध में इलाहाबाद हाईकोर्ट में दायर याचिका को लेकर शहर में खलबली मची हुई है। इस याचिका पर 4 अगस्त को सुनवाई होनी है। अपर सत्र न्यायालय/फास्ट ट्रैक कोर्ट का फैसला आने के बाद हाईकोर्ट में दाखिल याचिका की ओर सबका ध्यान गया। स्वयं आरोपी इस याचिका से अनभिज्ञ थे। अब अदालत द्वारा सात लोगों को आजीवन कारावास की सजा सुनाये जाने के बाद अन्य 13 आरोपियों ने हाईकोर्ट के वरिष्ठ फौजदारी अधिवक्ताओं को हायर करना शुरू कर दिया है।

# नुमाइश की तैयारियां अंतिम चरण में

## 2 करोड़ 69 लाख 11 हजार रुपये में हुआ ठेका, 10 अगस्त तक उद्घाटन की संभावना

**बिजनौर (चिंगारी)।** बहुप्रतीक्षित नुमाइश की तैयारियां अब अंतिम चरण में पहुंच गई हैं। इस वर्ष नुमाइश का ठेका 2 करोड़ 69 लाख 11हजार रुपये में दिया गया है। ठेका होने के बाद मेले को भव्य और आकर्षक स्वरूप देने के लिए तेजी से कार्य कराया जा रहा है। नुमाइश परिसर में दुकानों की स्थापना शुरू हो चुकी है, वहीं मनोरंजन के लिए बड़े-बड़े झूले भी लगाए जा चुके हैं। इसके अलावा विभिन्न प्रकार के खानपान के होटल और फूड स्टॉल भी तेजी से तैयार किए जा रहे हैं।





नुमाइश में हर वर्ष की तरह इस बार भी घरेलू उपयोग की वस्तुओं, हस्तशिल्प, कपड़े, खिलौने, इलेक्ट्रॉनिक सामान और अन्य उत्पादों की सैकड़ों दुकानें लगने की उम्मीद है। बच्चों के मनोरंजन के लिए विशेष झूलों और आकर्षक खेलों की व्यवस्था की जा रही है। खाने-पीने के शौकीनों के लिए स्थानीय व्यंजनों के साथ-साथ विभिन्न राज्यों के प्रसिद्ध स्वाद भी उपलब्ध रहेंगे।

आयोजकों के अनुसार नुमाइश को समय पर शुरू कराने के लिए सभी आवश्यक व्यवस्थाओं पर तेजी से काम चल रहा है। परिसर की साफ-सफाई, विद्युत व्यवस्था, सुरक्षा, पेयजल और अन्य मूलभूत सुविधाओं को भी दुरुस्त किया जा रहा है ताकि आने वाले लोगों को किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े।

आयोजन समिति का कहना है कि यदि कार्य निर्धारित समय पर पूरा हो गया तो नुमाइश का उद्घाटन 10 अगस्त तक होने की संभावना है। हर वर्ष की तरह इस बार भी नुमाइश व्यापार, मनोरंजन और सांस्कृतिक गतिविधियों का प्रमुख केंद्र बनेगी तथा स्थानीय व्यापारियों के साथ-साथ आम लोगों के लिए भी आकर्षण का केंद्र रहेगी।

## चेयरमैन इंजीनियर मुअज़्ज़म ने वीर अब्दुल हमीद के पौत्र को कराया द्वार का भ्रमण

नजीबाबाद (चिंगारी)। चेयरमैन इंजीनियर मुअज्ज़म द्वारा नजीबाबाद के हरिद्वार मार्ग पर पूर्व में बनाए गए परमवीर चक्र विजेता शहीद वीर अब्दुल हमीद के नाम पर झंडा चौक स्वागत द्वार का परमवीर चक्र विजेता शहीद वीर अब्दुल हमीद के पौत्र जमील आलम को भ्रमण कराया। जमील आलम ने इसके लिए चेयरमैन की प्रशंसा की। जमील आलम ने कहा कि परमवीर चक्र विजेता शहीद वीर अब्दुल हमीद के नाम स्वागत द्वार को जनता को समर्पित कर चेयरमैन इंजीनियर मुअज्ज़म ने एक मिसाल पेश की है। नजीबाबाद नगर पालिका ने उनके दादा के नाम पर गेट बनाकर जो सम्मान दिया है, उसे हमेशा याद रखेंगे। नगर पालिका अध्यक्ष इंजीनियर मुअज्ज़म ने देश के लिए कुर्बानी देने वाले परमवीर चक्र विजेता वीर अब्दुल हमीद साहब के पौत्र जमील आलम का इस्तकबाल किया। उन्होंने कहा बहुत ही हर्ष का विषय है कि आज नजीबाबाद में उनका आगमन हुआ है। चेयरमैन ने कहा कि जिन्होंने देश को आज़ाद करने में कुर्बानियां दी हैं उनके करेक्टर को हमने पढ़ा है और हम चाहते हैं कम से कम उन महान सपूतों को हमेशा याद किया जाए। उनको इस तरह से सम्मान दिया जाए जिस से नगर का भी सम्मान बढ़े। इस मौके पर चेयरमैन इंजीनियर मुअज्ज़म, शहीद वीर अब्दुल हमीद के पौत्र जमील आलम, शैलेंद्र चौधरी, हाजी नफीस अहमद, डॉ. रफत हुसैन, मेजर दानिश, अजमल खान, मोईन, तल्हा, वसीम, सभासद अच्छन राईन आदि मौजूद रहे।




## प्राइवेट टैक्सी मालिकों के रोडवेज बस से अधिक किराया वसूलने का विरोध

नजीबाबाद (चिंगारी)। नजीबाबाद से कोटद्वार मार्ग पर चलने वाली कुछ प्राइवेट टैक्सियों के मालिकों ने अपनी मर्जी से किराया 40 रूपए से बढ़ाकर 50 रूपए कर दिया। नजीबाबाद व उसके आसपास रहने वाले सैकड़ों मजदूर प्रतिदिन कोटद्वार मजदूरी करने जाते है। यह मजदूर अपने काम पर समय से पहुंचने के लिए रोडवेज बसों के साथ नजीबाबाद-कोटद्वार मार्ग पर चलने वाली प्राइवेट टैक्सियों से भी प्रतिदिन कोटद्वार आते व जाते है। नजीबाबाद से रोडवेज बस में कोटद्वार तक का किराया 40 रूपए है। प्राइवेट टैक्सियों में भी किराया 40 रूपए था। मगर कुछ टैक्सी मालिकों ने किराया अपने आप 10 रूपए बढ़ाकर 40 से 50 रूपए कर दिया है। टैक्सियों में सफर करने वाले दैनिक मजदूरों का कहना है कि जब रोडवेज बस में किराया 40 रूपए है तो प्राइवेट टैक्सियों में किराया दस रूपए अधिक क्यों वसूला जा रहा है। जबकि ना तेल के रेट में बढ़ोतरी हुई है ना ही टैक्सी मालिकों का अन्य कोई रूट पर चलने का खर्च बढ़ा है। दैनिक मजदूरों ने प्राइवेट टैक्सियों के रोडवेज बस से अधिक किराया वसूलने पर रोक लगाने तथा 50 रूपए किराया लेने वाली टैक्सी मालिकों के खिलाफ कार्रवाई कराने की मांग की है।

## डॉ. केसी मठपाल ने जन्मदिवस पर आम का वृक्ष रोपित किया

नजीबाबाद (चिंगारी)। रमा जैन कन्या महाविद्यालय, नजीबाबाद के निदेशक डॉ. केसी मठपाल ने अपने जन्मदिवस के अवसर पर राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम के माध्यम से पर्यावरण को संरक्षित करने हेतु वृक्षारोपण कर स्वयं सेविकाओं को मानवीय मूल्यों के निर्वहन के लिए प्रेरित किया। स्वयसेविकाओं एवं महाविद्यालय के समस्त स्टाफ ने मिलकर महाविद्यालय प्रांगण में आम का वृक्ष रोपित किया। इसके बाद शनि देव मंदिर के प्रांगण में वृक्षारोपण किया। कार्यक्रम के माध्यम से छात्राओं ने समझा कि स्वस्थ जीवन व्यतीत करने के लिए पर्यावरण को संरक्षित करना बहुत आवश्यक है, इसका एक मात्र माध्यम वृक्षारोपण है। इस कार्यक्रम में उनैजा, योग्यता, आकांक्षा, अतिका, वंशिका, रुक्मणी, खुशी अग्रवाल, झलक, साक्षी, संजना आदि छात्राओं ने प्रतिभाग किया। महाविद्यालय शिक्षिकाएं डॉ. रमनदीप कौर, डॉ. भावना अरोड़ा, डॉ. दीप्ति माहेश्वरी, श्रीमती गुलनार सहित समस्त शिक्षिकाओं ने इस कार्यक्रम में प्रतिभाग किया। महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. मृदुला त्यागी ने छात्राओं को एक जिम्मेदार नागरिक बनने की प्रेरणा दी। कार्यक्रम अधिकारी डॉ. पूनम अग्रवाल ने स्वयं सेविकाओं के प्रयास की सराहना कर आगे भी इसी प्रकार कार्यक्रम में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेने के लिए प्रेरित किया।



M D COLLEGE BIJNOR
A CO-EDUCATIONAL INSTITUTION
APPROVED & AFFILIATED TO CENTRAL & STATE GOVERNMENT APEX BODY
Courses Offered
Professional Courses: D. Pharma, B.Sc. (Microbiology), BCA, B.Com. (Computer), BBA, B.A. LL.B., LL.B.
Traditional Courses: B.A., B.Sc. (ZBC), B.Com.
Eligibility: Eligibility to all the courses is as per the directives of the U.P. Government.
College Of Pharmacy, Management, Science, Commerce, Law & Arts
Admission Open
*Proposed
Head Office: Near Chamunda Mandir, Jatan, Bijnor-246701 (U.P.)
01342-262272 9412217505/506/507/508
www.pharmacymdcollege.com, www.srct-mdbijnor.com, pharmacymdcollege@gmail.com,
lawmdcollege@gmail.com, bjosrct@gmail.com, bijnormdc@gmail.com

# बाबा भोलेनाथ ने पूरी की थी उनकी मन्नत इसलिए जल लेकर बैजनाथ तक जायेंगे दण्डवत



**चिड़ियापुर ( चिंगारी )।** सावन मेला कांवड़ यात्रा में श्रद्धा और भक्ति की अनोखी मिसाल पेश करते हुए हरिद्वार से दो कांवड़िये बैजनाथ धाम तक दंडवत यात्रा पर निकले हैं। हर हर महादेव, जय भोले आदि घोष के साथ दंडवत यात्रा करते हुए हरिद्वार से चिड़िया पुर पहुंचे बाबा भोलेनाथ के अनोखे और बाबा पर अटूट विश्वास करने वाले बिहार प्रदेश के रविन्द्र जादव और कार्तिक मंडल ने बताया कि उन्होंने अपनी यात्रा 19 जुलाई से शुरू की है तथा बैजनाथ धाम पर जाकर बाबा को दंडवत प्रणाम कर यात्रा का समापन किया जाएगा।

दोनों का कहना है कि बाबा भोलेनाथ ने उनकी मन्नत पूरी की है। उसी मन्नत के पूरा होने की खुशी में और संसार की भलाई के लिए वे हरिद्वार से बैजनाथ धाम तक दंडवत प्रणाम करते हुए जा रहे हैं। केसरिया वस्त्र, लाल पगड़ी और नंगे पैर यात्रा कर रहे इन श्रद्धालुओं की भक्ति देखकर हाईवे से आवागमन करने वाले कांवड़ियों सहित अन्य लोग भी रुककर प्रणाम कर रहे हैं।

# ढूंगाधार में रोपे गये औषधीय व फलदार पौधे

**कोटद्वार ( चिंगारी )।** पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार श्री गुरू गोरखनाथ पर्यावरणीय संरक्षण समिति की ओर से यमकेश्वर विधान सभा के ग्राम ढुंगाधार में पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान देवदार, आंवला, बांज, सिल्वर ओक, नीम, बेल, जामुन पीपल हरड़, बहेड़ा, तेजपत्ता, आम, अमरूद, नींबू, लीची आदि के पौधो का रोपण किया गया। तत्पश्चात ग्राम प्रधान नवीन कुमार बडोला की अध्यक्षता में वन एवं पर्यावरण विषय पर विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। बैठक में समिति अध्यक्ष आर पी पंत ने कहा कि आज वन्य जीवों के नुकसान पहुंचाने के कारण परम्परागत खेती लुप्त हो गई है। इसलिए बंजर खेतों में फलदार पौधे लगाकर बागवानी को बढ़ावा दिया जाना चाहिए। उमानन्द बडोला ने कहा कि आज लैंटाना एवं गाजर घास खेती करने में बाधक बन रही है। इस घास का उन्मूलन प्रदेश सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं के अंतर्गत किया जाना चाहिए। ग्राम प्रधान नवीन बडोला ने कहा कि पर्यावरण को सुदृढ़ करने के लिए मिश्रित वनों की आवश्यकता है। मौके पर उन्होंने समिति के द्वारा किए जा रहे कार्यों की सराहना की। गोष्ठी में विनय रावत, प्रकाश हेमदान, सुनील नेगी, बलबीर सिंह बिष्ट, सचिदानंद पोखरियाल, मन मोहन बडोला और मनोज कुमार बडोला सहित स्थानीय ग्रामवासी मौजूद रहे।

# श्रीराम मंदिर में महा रूद्राभिषेक का हुआ भव्य आयोजन

**धामपुर ( चिंगारी )।** सनातन उत्थान सेवा संघ की ओर से देश की खुशहाली, विश्व शांति और सांप्रदायिक सौहार्द की कामना को लेकर मोहल्ला साहूवान स्थित श्रीराम मंदिर में महारुद्राभिषेक कराया जा रहा है। रविवार को वैदिक मंत्रोच्चार के बीच श्रद्धालुओं ने भगवान शिव का अभिषेक कर पूजा-अर्चना की। कार्यक्रम में राघवेंद्र और उनकी पत्नी कल्याणी देवी मुख्य यजमान रहे। हरदोई से आए आचार्य चंद्र प्रकाश त्रिवेदी और कृष्णा त्रिवेदी ने महारुद्राभिषेक संपन्न कराया। महंत राधेश्याम व्यासजी महाराज के सानिध्य में आयोजित अनुष्ठान में आचार्य शशिकांत वशिष्ठ ने कहा कि सावन माह में भगवान शिव के महारुद्राभिषेक का विशेष महत्व है। इससे मनुष्य के पापों का नाश होता है तथा सुख, शांति और समृद्धि की प्राप्ति होती है। श्रीराम मंदिर आश्रम के पीठाधीश्वर महंत राधेश्याम व्यास महाराज ने समाज में प्रेम, सद्भाव और धार्मिक मूल्यों को बढ़ावा देने का संदेश दिया। उन्होंने बताया कि सावन माह भर प्रतिदिन महारुद्राभिषेक का आयोजन होगा। इस दौरान चंद्र प्रकाश फौजी, बेबी शर्मा, राकेश मिश्रा, सौरभ वशिष्ठ, रेनू सैनी, गीतांजलि वशिष्ठ, जगन्नाथ, लड्डू प्रसाद समेत अनेक श्रद्धालु मौजूद रहे।



श्रीराम मंदिर में महारुद्राभिषेक करते हुए महंत राधेश्याम व्यास जी महाराज।

# रूट डायवर्जन का परिणाम, धामपुर रोडवेज डिपो को प्रतिदिन 7 लाख रु. का नुकसान

**धामपुर ( चिंगारी )।** श्रावण मास में पुलिस प्रशासन द्वारा रूट डायवर्जन किये जाने के कारण धामपुर डिपो को प्रतिदिन लगभग 7 लाख रुपए का नुकसान उठाना पड़ रहा है। धामपुर डिपो के स्टेशन इंचार्ज महावीर सिंह ने बताया कि धामपुर रोडवेज डिपो में 66 बसें लगी हुई हैं जिनमें से केवल 8 बसे संचालित हुई हैं जिससे उत्तर प्रदेश राज्य सड़क परिवहन निगम के धामपुर रोडवेज डिपो को प्रतिदिन लगभग 7 लाख रुपए का नुकसान हो रहा है। उन्होंने बताया कि श्रावण मास में पुलिस प्रशासन द्वारा विभिन्न रूटों पर मार्गों को बंद कर दिए जाने के कारण बसों का संचालन नहीं हो पा रहा है। उन्होंने बताया कि चांदपुर, गजरौला, धामपुर, हल्दौर, बिजनौर और धामपुर, मुरादाबाद मार्ग बंद है। धामपुर-नगीना मार्ग पर बसें संचालित हो रही हैं। उन्होंने बताया कि धामपुर रोडवेज डिपो में लगभग 200 चालक, परिचालक और बाबू का स्टाफ है। बसें न चलने के कारण उनका रोजगार भी प्रभावित हो रहा है। उन्होंने बताया कि यात्रियों को बसे न मिलने के कारण डग्गामार वाहन उनसे मनमाना किराया वसूल कर रहे हैं।

चिंगारी
धामपुर में दैनिक बिजनौर टाइम्स व सांध्य दैनिक चिंगारी में समाचार एवं विज्ञापन देने के लिए सम्पर्क करें।
बिजनौर टाइम्स-चिंगारी कार्यालय
निकट थाना कोतवाली, धामपुर
मनोज कात्यायन 9927500708
जुल्फिकार मंसूरी 9568154643

# युवा साहित्यकार संघ ने मनाई पुरुषोत्तम दास टंडन की जयंती

**धामपुर ( चिंगारी )।** उत्तर प्रदेश युवा साहित्यकार संघ के तत्वावधान में महान स्वतंत्रता सेनानी एवं हिंदी के प्रबल समर्थक राजर्षि पुरुषोत्तमदास टंडन की जयंती के अवसर पर विचार एवं काव्य गोष्ठी का आयोजन हरिकांत निवास पर किया गया। कार्यक्रम में कवि राजकुमार वर्मा का कहना था जब हिंदी के वास्ते सब थे बड़े उदास, तब आशा बनकर खड़े थे पुरुषोत्तम दास। डॉ. सारंगा देश असीम ने कहा लिखने पढ़ने और बोलने में एक जैसी, अद्भुत है कैसी अपनी मातृभाषा हिंदी। डॉ. अनिल शर्मा अनिल ने कहा हमारी शान है हिंदी, हमारी आन है हिंदी, नरेश वर्मा ने कहा कि सबसे सुंदर सबसे प्यारी मेरी मां मेरी मातृ भाषा हिंदी। डॉ. सुरेंद्र राजपूत का कहना था मेरी शारदे मैया का भंडार अति निराला है। कार्यकर्म में युवा शायर विरेंद्र बेताब ने अपना कलाम तथा अजय पाल शर्मा ने सुंदर गीत प्रस्तुत किया। इस अवसर पर विभूति कांत शर्मा, इंदुकांत, केशव कांत, कौशल शर्मा, सोमा अग्रवाल, संजय बिल्लू, लड्डू आदि मौजूद रहे। कार्यकम का शुभारंभ सरस्वती वंदना से किया गया। अध्यक्षता डॉ. सरंगा देश असीम ने की तथा संचालन हरिकांत शर्मा ने किया।

# स्कूल में बच्चों की पढ़ाई हो रही प्रभावित

धामपुर (चिंगारी)। पुलिस प्रशासन द्वारा नगीना मार्ग पर कावंरियों की सुविधा के लिए सड़क के बीच में बनाए गए कट बंद कर दिए जाने से इस मार्ग पर स्थित लगभग आधा दर्जन स्कूलों के बच्चों की पढ़ाई प्रभावित हो रही है। धामपुर-नगीना राष्ट्रीय राजमार्ग पर दुर्गा पब्लिक स्कूल, एड्कुाल द गर्ल्स स्कूल, द स्कॉलर वैली सीनियर सेकेंडरी स्कूल,सारंग कान्वेंट स्कूल, जेके मॉडर्न एकेडमी, धामपुर डिग्री कॉलेज, विजयपाल सिंह मेमोरियल स्कूल स्थित हैं। इन विद्यालयों में प्रतिदिन वाहनों से बच्चे पढ़ने के लिए पहुंचते हैं राष्ट्रीय राजमार्ग द्वारा इन विद्यालयों और गांव के आसपास रास्ते के बीच कट छोड़े गए हैं परंतु पुलिस प्रशासन ने बड़े-बड़े पत्थर और तार लगाकर इन कटों को बंद कर दिया है। जिससे स्कूल के वाहन वहां तक नहीं पहुंच पा रहे हैं। ऐसे में बच्चों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। स्कूल संचालकों ने पुलिस प्रशासन से वाहनों को स्कूल तक पहुंचाने की व्यवस्था किए जाने की मांग की है।

# धामपुर के युवा शिव भक्त भी इस बार गागरों में जल लेने के लिए जायेंगे हरिद्वार



गागर में जल भरकर लाने का संकल्प लेते हुए शिव भक्तों की टोली।

**धामपुर ( चिंगारी )।** इस बार श्रावण मास में धामपुर से भी युवा शिवभक्तों द्वारा प्रथम प्रयास के अंतर्गत कांवड़ के दोनों ओर स्टील की गागरो में हरिद्वार से जल भरकर लाने का संकल्प लिया गया है, जिसकी तैयारी, युवाओं ने पूर्व अभ्यास के रूप में कांवड़ के दोनों और दो कनस्तरों में पानी भरकर नगीना मार्ग पर लगभग 5 किलोमीटर जाने और वापस लौटने के साथ प्रारंभ कर दी है।

इस पूर्व अभ्यास के दौरान शिव भक्तों की 11 सदस्य टोली में शामिल आर्यन गोस्वामी, कार्तिकेय सैनी, तरुण गोस्वामी, हनी गोस्वामी, दुष्यंत गोस्वामी, अंबर गोस्वामी, वंश गोस्वामी, केशव गोस्वामी, आदित्य गोस्वामी, जिगर प्रजापति, आशु गोस्वामी, अनमोल गोस्वामी, हर्ष गोस्वामी, अभिषेक सैनी, अनिकेत सैनी आदि ने बताया कि दो कांवड़ में दो शिव भक्त कंधे पर धारण की हुई कांवड़ के दोनों और गागरों में जल भरकर आगामी 8 अगस्त को हरिद्वार से प्रस्थान करेंगे तथा 10 अगस्त को धामपुर पहुंचेंगे। टोली में शामिल सभी शिव भक्त इन दोनों कांवड़धारी शिव भक्तों को हरिद्वार से धामपुर तक सहयोग प्रदान करते हुए आएंगे। इन शिव भक्तों ने बताया कि 11 अगस्त को गागरों में भरकर लाए गए जल से भगवान भोलेनाथ का अभिषेक किया जाएगा। इस वर्ष के श्रावण मास में धामपुर के शिव भक्तों की यह दोनों कांवड़ आकर्षण के साथ-साथ श्रद्धा का केंद्र भी रहेगी। उल्लेखनीय है कि अभी तक दूर दराज क्षेत्र के शिव भक्तों द्वारा गागरो में जल भरकर कंधे पर धारण किए हुए गंतव्य स्थानो को धामपुर से होकर जाते हुए उनके दर्शन करने का सौभाग्य तो सनातन परिवारों ने प्राप्त किया है लेकिन धामपुर से अभी तक ऐसा प्रयास नहीं किया गया था।

# स्वदेशी केवल आर्थिक नीति नहीं- महर्षि








## 'मैं भी स्वदेशी-समर्थक' डिजिटल अभियान का शुभारम्भ

**बिजनौर ( चिंगारी )। स्वदेशी जागरण मंच द्वारा संचालित राष्ट्रव्यापी 'मैं भी स्वदेशी-समर्थक' डिजिटल अभियान का शुभारम्भ शनिवार को विवेक आयुर्वेदिक कालेज में गरिमामय वातावरण में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रान्त संयोजक प्रशान्त महर्षि, जिला संयोजक अजय वत्स और आयुर्वेदिक कालेज के प्रधानाचार्य डॉक्टर देवाशीष पाणिग्रही के द्वारा संयुक्त रूप से किया गया।**

अपने संबोधन में प्रशान्त महर्षि ने कहा कि स्वदेशी केवल आर्थिक नीति नहीं, बल्कि भारत की सांस्कृतिक पहचान, आत्मनिर्भरता और राष्ट्र निर्माण का आधार है। उन्होंने विद्यार्थियों से आह्वान किया कि वे अपने दैनिक जीवन में स्वदेशी वस्तुओं को अपनाकर देश की अर्थव्यवस्था को सशक्त बनाने में सक्रिय भूमिका निभाएं। स्वदेशी जागरण मंच के जिला संयोजक अजय वत्स ने अभियान की जानकारी देते हुए बताया कि 'मैं भी स्वदेशी-समर्थक' डिजिटल अभियान 01 अगस्त से 20 अगस्त 2026 तक पूरे देश में चलाया जायेगा। प्रधानाचार्य डा. देवाशीष ने कहा कि आयुर्वेद स्वदेशी पद्यति है, प्रत्येक नागरिक का स्वदेशी के प्रति एक छोटा-सा संकल्प आत्मनिर्भर भारत के निर्माण की दिशा में महत्वपूर्ण योगदान देगा। कार्यक्रम के दौरान सभी छात्र-छात्राओं, शिक्षकों एवं उपस्थित अतिथियों ने स्वदेशी अपनाने एवं स्वदेशी उत्पादों के उपयोग को बढ़ावा देने की सामूहिक शपथ भी ली। कार्यक्रम को सफल बनाने में सहजिला संयोजक सतीश त्यागी, जिला संपर्क प्रमुख कौशल किशोर शर्मा और प्रो. शंभु का विशेष सहयोग रहा।

DMF
धारा मोटर
फ़ाईनेन्स लिमिटेड
सरकारी एवं प्राइवेट कर्मचारियों के लिए
विशेष लोन सुविधा
Salaried Loan
अब खास आपके लिए
लोन लेना हुआ
और भी आसान
अब आप घर बैठे ही अपने मोबाइल से Instant Salaried Loan के लिए Apply कर सकते हैं।
कृपया दिए गए QR कोड को स्कैन करें या हमारी वेबसाइट www.dharamotor.com पर क्लिक करें और मोबाइल एप्लिकेशन इंस्टॉल करें और अपने सैलरी लोन के लिए आज ही आवेदन करें।
हमारा सैलरी लोन क्यों चुनें?
- तेज़ और आसान प्रक्रिया
- न्यूनतम दस्तावेज़
- आकर्षक ब्याज दर
- आसान EMI सुविधा
- शीघ्र लोन अप्रूवल और डिस्बर्समेंट

पात्रता (Eligibility)
- सरकारी कर्मचारी
- प्राइवेट सेक्टर कर्मचारी
- नियमित मासिक आय वाले व्यक्ति



अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
पंजीकृत कार्यालय : धारा कॉम्प्लेक्स, सिविल लाइन्स-1, बिजनौर-246701
दूरभाष : 01342-262561, 6396752764, 7060210125
Corporate Office (Delhi) : K-814, Noratan Building, Mata Chowk Basant Kunj Road, Mahipalpur, New Delhi. Ph.: 011-41662561
www.dharamotor.com dmf_bijnor@yahoo.com

# गुलदारों से निजात दिलाने की मांग

**चांदपुर ( चिंगारी )।** भारतीय किसान यूनियन लोक शक्ति की मासिक पंचायत में क्षेत्र में आतंक का पर्याय बने गुलदारों को पकड़वाने के लिए पिंजरे लगाने तथा खादर क्षेत्र में बाढ़ की रोकथाम के लिए गंगा किनारे तटबंध बनवाने की मांग की गई। समस्याओं के सम्बन्ध में उपजिलाधिकारी चांदपुर को ज्ञापन दिया गया तथा समस्याओं का समाधान न होने पर आंदोलन की चेतावनी दी गई।



तहसील परिसर में सतवीर सिंह की अध्यक्षता एवं कमल सिंह के संचालन में आयोजित पंचायत में खेतों में खड़ी फसलों को नुकसान पहुंचा रहे आवारा पशुओं व गुलदारों को तुरंत पकड़वाये जाने सहित अन्य समस्याओं का समाधान कराये जाने की मांग की गई। पंचायत में मुख्य रूप से जलीलपुर ब्लॉक अध्यक्ष योगेंद्र सिंह काकरान, नूरपुर ब्लॉक अध्यक्ष टिल्लू भैया, क्षेत्रीय अध्यक्ष सरिता वर्मा, लक्ष्मी देवी, क्रांति देवी,प्रदेश महासचिव सतबीर सिंह, नगर अध्यक्ष नईम अहमद, सतवीर सिंह, कमल सिंह जिला सचिव योगेंद्र सिंह तोमर, तरुण कुमार, सुभाष चौधरी, नरेश भगत जी, महेंद्र सिंह, दलेल सिंह, सुरेंद्र सिंह, शेर सिंह,भागेंद्र सिंह, ओमप्रकाश प्रजापति, कालू टिकैट आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# भाकियू टिकैत में शामिल हुए विकास कुमार

**बिजनौर ( चिंगारी )।** शनिवार को भारतीय किसान यूनियन (टिकैत) के जिला अध्यक्ष सुनील प्रधान के आवास पर आयोजित कार्यक्रम में भारतीय किसान यूनियन (अराजनीतिक) छोड़कर आए पूर्व तहसील अध्यक्ष बिजनौर विकास कुमार अपने सैकड़ों समर्थकों के साथ भारतीय किसान यूनियन में शामिल हो गए। जिला अध्यक्ष सुनील प्रधान ने सभी को संगठन की सदस्यता दिलाई। इस दौरान विकास कुमार के साथ अंकित कुमार, मोनू, जतिन कुमार, अनुज कुमार, विनीत बालियान, रोहित सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।



# खाद्य सुरक्षा सुधरेगी तो स्वास्थ्य अपने आप सुधरेगा

**आज ऐसा प्रतीत होता है कि पूरा खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन (FSDA) अपना अधिकांश ध्यान केवल दवा विक्रेताओं (केमिस्टों) पर केंद्रित किए हुए हैं। मैं यह मानता हूं कि जहां कहीं भी नियमों की कमी या उल्लंघन हो, वहां निष्पक्ष कार्रवाई अवश्य होनी चाहिए। कोई भी वर्ग कानून से ऊपर नहीं है।**

लेकिन एक प्रश्न अवश्य उठता है- क्या केवल केमिस्टों के क्षेत्र में ही कमियां हैं? क्या हमारे समाज के अन्य क्षेत्रों में सब कुछ पूर्णत: सही है?

यदि इसी विभाग के खाद्य सुरक्षा पक्ष की बात करें, तो दूध, दही, मावा, पनीर, घी, तेल, मसाले, मिठाइयां, आटा तथा अन्य दैनिक उपयोग की खाद्य सामग्री में मिलावट की शिकायतें समय-समय पर सामने आती रहती हैं। इन्हीं खाद्य पदार्थों का सेवन नवजात शिशु से लेकर बुज़ुर्ग तक हर व्यक्ति प्रतिदिन करता है। भोजन जीवन की मूल आवश्यकता है, जबकि दवाइयों की आवश्यकता सामान्यत: बीमारी होने पर पड़ती है।

इसलिए यदि आम नागरिक को शुद्ध और सुरक्षित भोजन मिले, तो अनेक बीमारियों की संभावना अपने आप कम हो सकती है। स्वस्थ समाज की सबसे मज़बूत नींव गुणवत्तापूर्ण और सुरक्षित खाद्य सामग्री ही है।



आज केमिस्टों में यह भावना बन रही है कि छोटी-छोटी त्रुटियों पर भी उनके विरुद्ध अत्यंत कठोर कार्रवाई की जाती है, जबकि खाद्य पदार्थों में गंभीर अनियमितताओं के मामलों में अपेक्षाकृत कम प्रभावी कार्रवाई दिखाई देती है। कानून का उद्देश्य भय उत्पन्न करना नहीं, बल्कि सभी क्षेत्रों में समान रूप से सुधार लाना होना चाहिए।

मेरा विनम्र निवेदन है कि यदि वास्तव में समाज के स्वास्थ्य में सुधार लाना है, तो दवा विक्रेताओं के साथ-साथ खाद्य सुरक्षा व्यवस्था को भी सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाए। मिलावटखोरी और घटिया खाद्य सामग्री पर कठोर एवं निष्पक्ष कार्रवाई होगी, तो उसका लाभ पूरे समाज को मिलेगा और बीमारियों का बोझ भी कम होगा।



आइए, केवल दवाइयों पर नहीं, बल्कि बीमारी की जड़ पर प्रहार करें। शुद्ध भोजन ही स्वस्थ भारत की सबसे बड़ी दवा है।

**-सुबोध कुमार**

**अध्यक्ष डिस्ट्रिट कैमिस्ट एसोसिएशन, बिजनौर**

# .. तीन जिस्म मगर एक जान हैं हम!

## अनेकता में एकता की अनूठी मिसाल





**राशिद मलिक की रिपोर्ट**

**बढ़ापुर ( चिंगारी )।** बढ़ापुर नगर हमेशा से अमन, चैन, एकता एवं भाईचारा के लिए जाना जाता है। बाहरी व्यक्ति भी यहां की फिजाओं में कुछ अलग ही शांति और सुकून महसूस करते हैं। इंसान तो छोड़िए प्रकृति भी यहां की एकता का सबूत और गवाह बनी हुई है। यहां मछली बाजार वाली गली से 50 कदम आगे कलवा वीर मंदिर के रास्ते से गुजरते लोग अक्सर पीपल, पिलखन और खजूर के पेड़ को देखकर ठिठककर रुक जाते हैं। अपना फोन निकालते हैं, पेड़ का फोटो खींचते हैं और घंटों खड़े होकर पेड़ को निहारते रहते हैं। वजह पेड़ की खूबसूरती नहीं बल्कि प्रकृति द्वारा दिया जा रहा अनेकता में एकता का संदेश है जो राह चलते लोगों के कदमों को रोक देता है। मंदिर वाले इस मार्ग पर पीपल, पिलखन और खजूर के तीन पेड़ कंधे से कंधा मिलाकर खड़े हैं। जमीन से थोड़ा ऊपर आते ही इनके तने एक-दूसरे को ऐसे जकड़े हुए हैं जैसे वह गले मिल रहे हो। एक-दूसरे को जकड़े हुए होने के कारण अब यह पहचान नहीं हो पाती कि कौन किसका तना है। पीपल की मजबूती, पिलखन की शीतल छाया, खजूर की मिठास कुल मिलाकर तीनों का अलग स्वभाव, तीनों की अलग पहचान, तीनों की अलग प्रजातियां मगर तीनों एक जान बने हुए हैं।

### प्रकृति दे रही इंसानों को संदेश

स्थानीय बुजुर्ग बताते हैं कि ये पेड़ कोई एक दिन में नहीं मिले हैं। पिछले 50-60 सालों में धीरे-धीरे ये एक-दूसरे का सहारा बनते गए। आंधी आई तो पीपल झुका, पिलखन ने उसे थाम लिया। झंजावत आया तो तो पिलखन बेकाबू होने लगी तो पीपल ने उसे कस लिया, तूफान आया तो खजूर लड़खड़ाया, पीपल और पिलखन दोनों ने मिलकर उसे संभाल लिया ये कहते हुए 73 साल के मु. यूनुस इंसानों के वर्तमान संबंधों को लेकर फिक्रमंद दिखाई देते हैं।

### क्लासरूम बन गई प्रकृति की यह मित्रता

अनेकता में एकता की मिसाल दे रहे इन पेड़ों के समीप ही विमल सरस्वती जूनियर हाईस्कूल स्थित है। स्कूल के प्रधानाध्यापक योगेंद्र प्रजापति बताते हैं कि जब भी स्कूल के छात्रों की आपस में लड़ाई-झगड़े की कोई शिकायत मिलती है तब वह उन छात्रों को इस पेड़ के पास लाते हैं और इनके संदेश को समझा देते हैं। इसके बाद उन छात्रों की मित्रता भी पीपल, पिलखन और खजूर के पेड़ों की तरह पक्की हो जाती है। इसके अलावा जब क्लास में विविधता में एकता का पाठ पढ़ाया जाता है। तब भी छात्र-छात्राओं को यह पाठ किताब से न पढ़ाकर एकता एवं भाईचारे का संदेश दे रहे इस पेड़ों के पास ले जाकर प्रकृति के संदेश को समझा दिया जाता है। फिर इस टॉपिक को पढ़ाने के लिए किताब की जरूरत नहीं पड़ती है। वह बताते हैं कि विद्यार्थियों को अनेकता में एकता को समझाने और पढ़ाने के लिए इससे अच्छा उदाहरण और क्या हो सकता है।

> **यहां न खजूर के वृक्ष को अपनी बुलंदी का कोई गुरूर है, न पीपल को अपने पूजनीय और ऑक्सीजन बैंक होने का कोई अहंकार है, और न ही पिलखन को अपनी शीतल छाया का कोई घमंड है और न हीं इन्हे एक-दूसरे से कोई शिकायत है। अगर ये बिना बोले साथ रह सकते हैं, तो फिर इंसान क्यों नहीं?**

**पाठकों से सवाल**

**अगर पीपल, पिलखन और खजूर बिना भेदभाव के साथ रह सकते हैं, तो हम इंसान क्यों नहीं? आपको क्या लगता है हमें क्या बदलना चाहिए?**
**अपनी राय व्हाट्सएप नंबर 9719540585 पर भेजिए। आपकी एक लाइन किसी की सोच बदल सकती है।**

# बाघों के संरक्षण के लिये आवश्यक हैं वन्य जीव गलियारे

**चिंगारी ब्यूरो**

**पिछली शताब्दी में, बाघ अपने ऐतिहासिक निवास स्थान के 90 प्रतिशत से अधिक हिस्से से विलुप्त हो गया है। कभी एशिया के अधिकांश हिस्सों में पाए जाने वाले बाघों की जंगली आबादी अब कुछ ही देशों में बिखरे हुए खंडित भूभागों में ही जीवित है। आवासों का विनाश, अवैध शिकार, मानवीय अतिक्रमण और बुनियादी ढांचे के विस्तार ने न केवल बाघों की संख्या को कम किया है, बल्कि उनके निवास स्थान वाले जंगलों की निरंतरता को भी बाधित किया है।**

> **बाघों का भविष्य केवल अलग-थलग जंगलों की रक्षा पर ही निर्भर नहीं करता, बल्कि उनके बीच के जीवंत संबंधों को संरक्षित रखने पर भी निर्भर करता है। वन्यजीव गलियारे वे अदृश्य धागे हैं जो अलग-अलग अभ्यारण्यों को समृद्ध परिदृश्यों में पिरोते हैं। इन मार्गों को जीवित रखकर हम न केवल बाघों की आबादी के आनुवंशिक स्वास्थ्य और लचीलेपन की रक्षा करते हैं, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के लिए संपूर्ण पारिस्थितिक तंत्र की अखंडता को भी सुरक्षित रखते हैं।**



**साकेत बडोला**
डायरेक्टर
कॉर्बेट टाइगर रिजर्व

वन महज पेड़ों का समूह नहीं है, और संरक्षित क्षेत्र मानचित्र पर खींची गई सीमा मात्र नहीं है। बाघों को जीवित रहने, फैलने और प्रजनन करने के लिए विशाल भूभाग की आवश्यकता होती है। इसलिए, एक वन को दूसरे वन से जोड़ने वाली प्राकृतिक आवास की पट्टियां, जिन्हें वन्यजीव गलियारे कहा जाता है, अत्यंत महत्वपूर्ण हैं। ये गलियारे जानवरों को संरक्षित क्षेत्रों के बीच स्वतंत्र रूप से घूमने की अनुमति देते हैं।



**प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ साकेत बडोला ( ग्रुप में )**

वन्यजीव गलियारों का एक सबसे बड़ा लाभ आनुवंशिक आदान-प्रदान को बढ़ावा देना है। युवा बाघ साथी नये आवासों की तलाश में स्वाभाविक रूप से अपने जन्म स्थान से दूर चले जाते हैं। जब गलियारे कार्यशील रहते हैं, तो ये दूर जाने वाले बाघ पड़ोसी आबादी के बाघों के साथ प्रजनन कर सकते हैं, जिससे आनुवंशिक विविधता बनी रहती है। इसके विपरीत, बाघों की अलग-थलग आबादी का भविष्य बिल्कुल अलग है। छोटी, बिखरी हुई आबादी धीरे-धीरे आनुवंशिक विविधता खो देती है, जिससे वे वंशानुगत विकारों, कम प्रजनन क्षमता और कम उत्तरजीविता दर के प्रति अधिक संवेदनशील हो जाती हैं।



**मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के साथ साकेत बडोला।**



**लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला के साथ साकेत बडोला।**

वन्यजीव गलियारे बीमारियों के खतरे को कम करने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। स्वस्थ, आपस में जुड़े हुए भू-भाग आमतौर पर बड़ी और आनुवंशिक रूप से विविध आबादी का समर्थन करते हैं जो उभरती बीमारियों का बेहतर ढंग से सामना करने में सक्षम होती है। यह जुड़ाव बीमारियों के प्रकोप या अन्य प्राकृतिक गड़बड़ियों के बाद स्थानीय आबादी में गिरावट आने पर आवासों के पुनर्संस्थापन को भी संभव बनाता है।

हालांकि संरक्षित क्षेत्र बाघ संरक्षण की रीढ़ हैं, फिर भी बाघों की लगभग एक तिहाई आवाजाही इन संरक्षित क्षेत्रों के बाहर होती है। इस वास्तविकता को समझते हुए, भारत ने मध्य भारतीय भू-भाग, तराई चाप भू-भाग, पश्चिमी घाट और पूर्वी घाट से जुड़े जंगलों जैसे प्रमुख बाघ भू-भागों को जोड़ने वाले कई महत्वपूर्ण वन्यजीव गलियारों की पहचान की है। ये गलियारे संरक्षित क्षेत्रों के बीच आवाजाही को संभव बनाते हैं, जिससे बाघ नये क्षेत्र स्थापित कर पाते हैं और विशाल क्षेत्रों में अपनी आबादी को बनाए रख पाते हैं।

देश ने बुनियादी ढांचे के विस्तार के प्रभावों को कम करने के लिए भी महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं। राजमार्ग, रेलवे, नहरें और पारेषण लाइनें अक्सर जंगलों को खंडित कर देती हैं और वन्यजीवों की आवाजाही में बाधा डालती हैं। इस चुनौती से निपटने के लिए, विशेष रूप से डिज़ाइन किए गए वन्यजीव अंडरपास, ओवरपास, कैनोपी ब्रिज और रणनीतिक रूप से नियोजित बाड़बंदी जैसे शमन उपायों को बुनियादी ढांचा परियोजनाओं में तेजी से शामिल किया जा रहा है। न्यायिक हस्तक्षेप, वैज्ञानिक कॉरिडोर मैपिंग और पर्यावरणीय प्रभाव आकलन ने महत्वपूर्ण कनेक्टिविटी की सुरक्षा के प्रयासों को और मजबूत किया है।

इसलिए वन्यजीव गलियारों की सुरक्षा केवल बाघों के संरक्षण तक सीमित नहीं है। ये प्राकृतिक मार्ग हाथियों, तेंदुओं, भालुओं, हिरणों, पक्षियों और अनगिनत अन्य प्रजातियों को आश्रय प्रदान करते हैं, साथ ही बीज फैलाव, परागण और जलवायु परिवर्तन के प्रति प्रतिरोधक क्षमता जैसी आवश्यक पारिस्थितिक प्रक्रियाओं को बनाए रखते हैं। ये गलियारे पशुओं की आवाजाही को कृषि क्षेत्रों और बस्तियों के बजाय सुरक्षित, स्थापित मार्गों से निर्देशित करके मानव-वन्यजीव संघर्ष को भी कम करते हैं। इन जीवन रेखाओं की सुरक्षा के लिए हर स्तर पर कार्रवाई आवश्यक है। सरकारों को चिन्हित गलियारों को कानूनी रूप से मान्यता देनी चाहिए और उनकी रक्षा करनी चाहिए।


# ब्रह्मव्रत व धर्मक्षेत्र के नाम से भी जाना जाता है कुरुक्षेत्र!

कुरुक्षेत्र का नाम राजा कुरु के नाम पर पड़ा, जो कौरवों और पांडवों के पूर्वज थे। वामन पुराण के अनुसार, राजा कुरु ने सरस्वती नदी के किनारे इस भूमि को चुना और यहां सत्य, दया, क्षमा और तपस्या जैसे आठ मानवीय गुणों को समाहित करने के लिए कड़ी तपस्या की। उनकी भक्ति से प्रसन्न होकर भगवान विष्णु ने वरदान दिया कि यह भूमि सदैव पवित्र भूमि के रूप में जानी जाएगी और यहां प्राण त्यागने वाले को मोक्ष मिलेगा।

वैदिक काल में इसे ब्रह्मव्रत भी कहा जाता था और यहां पवित्र सरस्वती और दृशद्वती नदियां बहती थीं। इतिहास के पन्नों में कुरुक्षेत्र मौर्य, गुप्त और राजा हर्षवर्धन के शासनकाल में शिक्षा और संस्कृति का एक समृद्ध केंद्र बना रहा है, जिसे धर्मक्षेत्र भी कहा जाता है। यह वही पावन भूमि है, जहां कौरवों और



पांडवों के बीच 18 दिनों तक महाभारत का महायुद्ध लड़ा गया था और युद्ध की शुरुआत में भगवान श्री कृष्ण ने अर्जुन को श्रीमद्भगवद्गीता का उपदेश दिया था। राष्ट्रीय राजमार्ग-44 पर स्थित यह नगर आज वैश्विक स्तर पर आस्था और ज्ञान का एक बड़ा केंद्र है। कुरुक्षेत्र में 350 से अधिक धार्मिक और ऐतिहासिक तीर्थ स्थल हैं, यह एशिया के सबसे बड़े मानव निर्मित सरोवरों में से एक है। माना जाता है ब्रह्मा जी ने यहीं से सृष्टि की रचना शुरू की थी। सूर्य ग्रहण के समय यहां ब्रह्म सरोवर में स्नान का विशेष महत्व है। यह वह मूल स्थान है जहां भगवान श्री कृष्ण ने अर्जुन को गीता का ज्ञान दिया था। यहां एक प्राचीन वट वृक्ष है, जिसे उस गीता उपदेश का जीवंत साक्षी माना जाता है। यहां के कृष्ण संग्रहालय में आधुनिक तकनीक और कलाकृतियों के माध्यम से महाभारत युद्ध के दृश्यों और भगवान कृष्ण के जीवन दर्शन को जीवंत रूप में दिखाया गया है, वहीं पैनोरमा विज्ञान प्रदर्शनी का एक बड़ा केंद्र है। यहां का शेखचिल्ली का मकबरा मध्यकालीन वास्तुकला की धरोहर भी समेटे हुए है। यह खूबसूरत मकबरा मुगलकाल की वास्तुकला का एक बेहतरीन उदाहरण है। यहां कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय, राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान और राष्ट्रीय डिजाइन संस्थान युवाओं के भविष्य का निर्माण करते हैं। कुरुक्षेत्र, करनाल और कैथल का यह क्षेत्र बेहतरीन बासमती चावल के उत्पादन के लिए राइस बाउल ऑफ इंडिया के नाम से भी जाना जाता है। यहां हर साल



नवंबर-दिसंबर के महीने में अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव का आयोजन होता है। इस दौरान ब्रह्म सरोवर के घाट को हजारों दीपों की रोशनी से सजाया जाता है। महोत्सव के शंखनाद और सांस्कृतिक कार्यक्रमों की गूंज से कुरुक्षेत्र खिल उठता है। कुरुक्षेत्र जहां महाभारत का युद्ध विनाश लेकर आया, वहीं इसी भूमि से उपजे श्रीभगवद्गीता के संदेश ने पूरी मानवता को निष्काम कर्म और शांति का शाश्वत संदेश दिया। कुरुक्षेत्र न सिर्फ दर्शनीय है, बल्कि गीता के भगवान की पावन स्थली भी है, जिसे धातु से बने चार घोड़ों के रथ पर सारथी श्रीकृष्ण द्वारा अर्जुन को दिए गए गीता उपदेश के रूप में प्रत्यक्ष किया गया है।

**-श्रीगोपाल नारसन**

# भारत में बढ़ रहा फेफड़ों का कैंसर

## हर साल होती हैं 70 हजार मौतें

पूरी दुनिया में हर साल 1 अगस्त को फेफड़ा कैंसर दिवस मनाया जाता है, ताकि दुनिया भर में बढ़ते फेफड़ों के कैंसर के मामलों, उसके कारणों, रोकथाम और समय पर पहचान की आवश्यकता पर ध्यान दिया जा सके। अपने देश में हर साल हज़ारों लोग इस बीमारी से अपनी जान गंवाते हैं, और इसका असर केवल रोगी तक ही सीमित नहीं रहता, यह रोगी के परिवार, समाज और देश की अर्थव्यवस्था पर भी गहरा असर डालता है।

विश्व फेफड़ा कैंसर दिवस अंतरराष्ट्रीय स्वास्थ्य संगठनों द्वारा शुरू किया गया था, ताकि फेफड़ों के कैंसर के बढ़ते मामलों पर दुनिया का ध्यान आकर्षित किया जा सके, आम लोगों को इसके कारणों और जोखिमों के बारे में जागरूक किया जा सके, समय पर जांच और उपचार को बढ़ावा दिया जा सके, और धूम्रपान और प्रदूषण जैसे प्रमुख कारणों पर नियंत्रण के लिए सामाजिक प्रयास बढ़ाए जा सकें।



भारत में हर वर्ष लगभग 70,000 से अधिक मौतें फेफड़ों के कैंसर के कारण होती हैं। यह संख्या लगातार बढ़ रही है, खासकर शहरी क्षेत्रों में जहां प्रदूषण और धूम्रपान की दर अधिक है। इस बीमारी का सबसे बड़ा कारण सक्रिय और परोक्ष दोनों तरह के धूम्रपान हैं। लाखों वाहनों से निकलता धुआं और औद्योगिक प्रदूषण फेफड़ों को नुकसान पहुंचाते हैं। विभिन्न रसायन जैसे एस्बेस्टस और आर्सेनिक आदि भी इस प्रकार के कैंसर का कारण बन सकते हैं और फेफड़ों की पुरानी बीमारियां भी इसका जोखिम बढ़ा सकती हैं। इसके अलावा इस बीमारी का पारिवारिक इतिहास होने पर जोखिम बढ़ता है। इस कैंसर के रोगी को सांस लेने में कठिनाई, लगातार खांसी, वज़न कम होना, और कमज़ोरी हो जाती है। केवल रोगी ही नहीं बल्कि परिवार पर भी इसका प्रतिकूल प्रभाव भावनात्मक तनाव, देखभाल का बोझ, और आर्थिक दबाव के रूप में पड़ता है। इससे देश के स्वास्थ्य सेवाओं पर अतिरिक्त भार तो बढ़ता ही है, अक्सर इस बीमारी का इलाज बेहद महंगा होता है जिससे रोगी के परिवार की आर्थिक स्थिति बिगड़ जाती है। अगर किसी रोगी में लगातार खांसी, खून वाली खांसी, सांस फूलना, सीने में दर्द, वज़न कम होने के लक्षण होते हैं तो डॉक्टर सीटी स्कैन, एक्स-रे, बायोप्सी आदि द्वारा इस कैंसर की पहचान करते हैं। इस भयानक बीमारी से बचाव किया जा सकता है। इसके लिए आवश्यक है कि लोगों को धूम्रपान छोड़ने के लिए प्रेरित किया जाये, प्रदूषण से बचाव के उपाय अपनाये जाएं, हम सभी स्वस्थ भोजन और व्यायाम करें, नियमित स्वास्थ्य जांच कराएं, और कोई भी लक्षण होने पर तुरंत अपने डॉक्टर से परामर्श लें। ध्यान रखें अगर किसी को लम्बे समय तक खांसी हो या सांस लेने में कठिनाई हो तो अपना इलाज खुद न करें और तुरंत अपने डॉक्टर से संपर्क करें। फेफड़ों के कैंसर की रोकथाम हम सभी की सामाजिक ज़िम्मेदारी है। हम सभी को धूम्रपान मुक्त समाज बनाने, प्रदूषण कम करने, लोगों को जागरूक करने, और कैंसर रोगियों और उनके परिवारों का समर्थन करने में अपना योगदान देना चाहिए। यह केवल एक बीमारी नहीं, बल्कि एक सामाजिक चुनौती है जिसे हम सब मिलकर ही कम कर सकते हैं।

**-डॉ. कलीम अहमद, चांदपुर ( बिजनौर )**

# मेरा नाम करेगा रोशन..

**मंडावली/नजीबाबाद ( चिंगारी )।** सभी माता-पिता की इच्छा होती है कि बड़े होकर उनके बच्चे कुछ अच्छा करें, जिससे उनका नाम रोशन हो। इसी आशा के साथ अपने बच्चों को अच्छी शिक्षा के साथ अच्छे संस्कार भी सिखाते हैं।

क्षेत्र के ग्राम सिकरौडा निवासी दिव्यांशी ठाकुर ग्रामीण बाल सदन इंटर कॉलेज तिसोतरा में कक्षा 10 की छात्रा है। इनका सपना है कि आगे पढ़ाई करके यूपीएससी की परीक्षा पास कर देश की सेवा करे। इनकी माता सोनी ठाकुर और पिता आकाश ठाकुर का कहना है कि अपनी बेटी की पढ़ाई में सहयोग कर उसके सपने को साकार करेंगे।

**ग्राम मीरमपुर बेगा** निवासी महविश परवीन सेंट मैरिस इंटर कॉलेज में कक्षा 11 की छात्रा है। इनका सपना है कि एक कुशल डॉक्टर बनकर ग्रामीण क्षेत्र में सेवा देना है। इनकी माता मोबिना और पिता अब्दुल रहमान अल्वी का कहना है कि अपनी बेटी के सपने को पूरा करने में सहयोग करेंगे। **ग्राम सिकरोड़ा** निवासी अहान भारद्वाज होली फैमिली कॉन्वेंट स्कूल साहनपुर में कक्षा 5 में पढ़ता है। इनका सपना है कि बड़े होकर आईपीएस बनकर अपने देश की सेवा कर नाम रोशन करे। इनकी माता नीरू त्यागी और पिता दिवाकर त्यागी जो एक स्पोर्ट्स शिक्षक हैं इनका कहना है कि अपने बेटे को एक सफल इंसान बनाने के साथ उसके सपने को पूरा करने में सहयोग करेंगे। मंडावली निवासी अथर्व वालिया गुरुकुल इंटनेशनल एकेडमी हरचंदपुर में कक्षा 6 में पढ़ता है। इनका सपना है कि बड़े होकर एथलीट में वेट लिफ्टर बनकर देश में नाम रोशन करे। इनकी माता शिवानी वालिया और पिता मोहित वालिया का कहना है कि अपने बेटे के सपने को साकार करने में सहयोग करेंगे।

**प्रस्तुति- मोहित कर्णवाल** चिंगारी संवाददाता, मंडावली



अर्थव वालिया
अहान भारद्वाज
महविश परवीन
दिव्यांशी ठाकुर

# तहसील दिवस में छात्राओं को देखकर डीएम हुईं आगबबूला

**नगीना (चिंगारी)। कॉलेज समय पर कॉलेज की छात्राओं को तहसील दिवस में देखकर डीएम का मूड उखड़ गया। इस मामले में डीएम ने कॉलेज के प्रधानाचार्य को तहसील दिवस में बुलाकर अपनी कड़ी नाराजगी जताई।**

शनिवार को तहसील सभागार में जिलाधिकारी जसजीत कौर की अध्यक्षता में संपूर्ण तहसील समाधान दिवस का आयोजन किया गया। समाधान दिवस में कुल 40 शिकायतें दर्ज की गईं, जिनमें से तीन शिकायतों का मौके पर निस्तारण किया गया। डीएम जब तहसील दिवस में पहुंचीं तो उन्होंने काफी संख्या में एक कॉलेज की ड्रेस में छात्राओं को वहां देखा तो वह नाराज हो गईं। उन्होंने छात्राओं के साथ मौजूद लोगों से जब छात्राओं के यहां आने की बाबत सवाल पूछा तो उसने बताया कि छात्राएं स्टेडियम की मांग को लेकर यहां पहुंची हैं। डीएम तुरंत समस्या की बात समझ गईं तथा उन्होंने एक-एक करके अलग-अलग छात्राओं को अपने पास बुलाकर उनसे खुद समस्या पूछनी शुरु कर दी। डीएम के सवाल पर कोई भी छात्रा स्टेडियम संबंधी अपनी बात नहीं बता पाई। कॉलेज के प्रधानाचार्य से जब डीएम ने कॉलेज समय में छात्राओं को तहसील दिवस में भेजने का कारण पूछा तो उन्होंने बताया कि जिलाधिकारी के स्वागत के नाम पर स्काउट गाइड की छात्राओं को स्कूल से एक खिलाड़ी द्वारा कहकर लाया गया था। उन्हें स्टेडियम संबंधी मांग की कोई जानकारी नहीं है। इस मामले को लेकर करीब आधा घंटे तक तहसील दिवस में गहमा गहमी की स्थिति बनी रही। इस मौके पर पुलिस अधीक्षक अभिषेक झा, एसडीएम प्रिंस कुमार, पुलिस क्षेत्राधिकारी राजेश कुमार सोलंकी, थाना अध्यक्ष विकास कुमार, पालिका के अधिशासी अधिकारी सतीश कुमार सहित सभी विभागों के अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।



तहसील समाधान दिवस में फरियादियों व छात्राओं की शिकायत सुनतीं जिलाधिकारी।

# वीर हमीद के पौत्र डा. जमील ने बार अध्यक्ष से की मुलाकात

**बिजनौर (चिंगारी)।** परमवीर चक्र विजेता अमर शहीद वीर अब्दुल हमिद के पोते डा. जमील अहमद ने जिला बार एसोसिएशन, बिजनौर के अध्यक्ष राजेन्द्र कुमार एडवोकेट से भेंट कर एक महत्वपूर्ण विषय पर चर्चा की। इस दौरान वीर अब्दुल हमीद के अद्वितीय साहस एवं राष्ट्र के प्रति उनके बलिदान को स्मरण करते हुए उनके सम्मान व स्मृति को और सुदृढ़ किए जाने की आवश्यकता पर बल दिया गया। बार अध्यक्ष राजेन्द्र कुमार एडवोकेट ने शहीद को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि उनका बलिदान देशवासियों के लिए प्रेरणास्रोत है तथा इस संबंध में आवश्यक सहयोग प्रदान किया जाएगा। इस अवसर मेजर दानिश फारुकी, जिला बार एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष श्री यशपाल सिंह एडवोकेट, राजेन्द्र सिंह टिकैत एडवोकेट, जिला अध्यक्ष अपना दल श्री शैलेन्द्र चौधरी, शरद शर्मा, हंस चौधरी आदि उपस्थित रहे।



# अधिवक्ता जनकल्याण समिति की बैठक में संगठन पर विचार

**मंडावर (चिंगारी)।** बिजनौर स्थित एक रेस्टोरेंट में अधिवक्ता जनकल्याण समिति, मंडावर की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में समिति के पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने संगठन को और अधिक मजबूत एवं सक्रिय बनाने पर विस्तार से चर्चा की।

बैठक के दौरान समिति के विस्तार, नए सदस्यों को जोड़ने, अधिवक्ताओं के हितों की रक्षा, आपसी एकता एवं सहयोग को बढ़ावा देने तथा समाजहित से जुड़े विभिन्न विषयों पर विचार-विमर्श किया गया। उपस्थित सदस्यों ने समिति को अधिक प्रभावी बनाने के लिए नियमित बैठकों के आयोजन और जनकल्याण से जुड़े कार्यों में सक्रिय भागीदारी का संकल्प लिया।

वक्ताओं ने कहा कि अधिवक्ताओं की एकजुटता ही समिति की सबसे बड़ी शक्ति है। अधिक से अधिक अधिवक्ताओं को संगठन से जोड़कर उनके अधिकारों एवं हितों की रक्षा के लिए निरंतर प्रयास किए जाएंगे।



बैठक सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न हुई। अंत में सभी सदस्यों ने समिति को मजबूत एवं जनहित के कार्यों में अग्रणी बनाने का संकल्प दोहराया।

# कासमपुर गढ़ी में ब्राइट फ्यूचर इंस्टिट्यूट का शुभारंभ

**कासमपुर गढ़ी (चिंगारी)।** कासमपुर गढ़ी के मोहल्ला अफगानान में ब्राइट फ्यूचर कंप्यूटर एवं इंग्लिश लैंग्वेज इंस्टीट्यूट का उद्घाटन वरिष्ठ पत्रकार एसएम असलम ने फीता काटकर किया। अलीगढ़ कान्वेंट स्कूल के प्रबंधक गय्यूर अली खान के संचालन में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए एसएम असलम ने आधुनिक शिक्षा के क्षेत्र में इंस्टीट्यूट के डायरेक्टर मौ. साकिब के इस कदम की सराहना की। इस मौके पर वरिष्ठ पत्रकार शेख मो. यूसुफ, एके कमांडो ट्रेनर मौ. आरिफ, वरिष्ठ शिक्षक इनाम अली खान, सोशल मीडिया एक्टिविस्ट शोएब मोबीन, शमशाद अंसारी, तफसील खान, दिलशाद सलमानी, सिराज बुक सेलर, शहजाद अहमद, शाहनवाज अहमद, सैफुल्ला अंसारी, सुफियान अंसारी, मौ. यासिर, जैफुलहक, गजाला परवीन, नाजरीन परवीन आदि लोग उपस्थित रहे।



# लोहे की रॉड, दरांती, बलकटी से हमला किया : कई लोग घायल

**नांगल सोती (चिंगारी)। शनिवार को देर शाम मामूली बात को लेकर ग्राम हरचंदपुर में लोहे की रॉड, धारदार हथियार और लाठी-डंडे चल गये। झगड़े में एक पक्ष के कई व्यक्ति घायल हो गये, जिनमें महिलायें और युवतियां भी शामिल हैं।**

नांगल थानांतर्गत ग्राम हरचंदपुर में शनिवार की शाम चन्द्रपाल कश्यप के घर पर उसका दामाद नन्हे निवासी मंडैयो (थाना चांदपुर) आया था। नन्हे की पत्नी सोनम का पिछले दिनों ऑपरेशन हुआ था तथा वह अपने मायके में आयी हुई थी। नन्हे अपनी पत्नी को घर ले जाने के लिये आया था। घर के सामने रास्ते में नन्हे की गाड़ी खड़ी थी। आरोप है कि उधर से पैदल गुजर रहे कुछ युवकों ने निकलने का रास्ता होने के बावजूद रास्ते में गाड़ी खड़ी करने को लेकर गालियां देनी शुरू कर दीं। गालियां देने से मना किया, तो उन युवकों ने उनके ऊपर हमला कर दिया। पीड़ित पक्ष का कहना है कि युवकों ने वहां खड़े टंकी के लोहे के पाइप को उखाड़कर सुरेन्द्र (40 वर्ष) पुत्र राम सिंह का सिर फाड़ दिया। इसके अलावा हाथों में पहने कड़ों, लाठी-डंडों, दरांती तथा बलकटी से भी जानलेवा हमला किया। अशोक (35 वर्ष) पुत्र ओमी तथा गौतम (21 वर्ष) पुत्र चन्द्रपाल के भी सिर फट गये।

आरोप है कि युवकों ने अन्य लोगों को भी मौके पर बुला लिया और पुरुषों के साथ-साथ महिलाओं को भी मारा-पीटा, जिससे आंचल (18 वर्ष) पुत्री सौपाल, शोभा (34 वर्ष) पत्नी भूपेन्द्र उर्फ भोले, संतोष पत्नी राम सिंह, जोगेन्द्र (45 वर्ष) पुत्र रामेश, अनुज (18 वर्ष) पुत्र जोगेन्द्र, सोनाक्षी (18 वर्ष) पुत्री संजीव भी घायल हो गये। सूचना पर थानाध्यक्ष अन्नू कुमारी भारी पुलिस बल के साथ गांव पहुंची, जिन तीन घायलों के सिर फटे हैं, उन्हें एम्बुलेंस द्वारा अस्पताल भिजवाया गया। घायलों में सुरेन्द्र तथा अशोक की हालत गंभीर बताई जाती है। घटना के बाद गांव में भारी पुलिस बल तैनात कर दिया गया। क्षेत्राधिकारी आकांक्षा गौतम भी रात्रि में गांव में पहुंचीं और घटना की जानकारी प्राप्त कर थानाध्यक्ष को कार्यवाही के सम्बन्ध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिये।



घटना के बाद मौके पर जमा ग्रामीण

## 10 के विरुद्ध मामला दर्ज कराया

**जोगेन्द्र ने 10 हमलावरों रवि पुत्र रतन, रतन पुत्र नन्हे, अंकित पुत्र मदन, कलवा पुत्र विरेन्द्र, संदीप पुत्र बाबूराम, विरेन्द्र पुत्र जगराम, सैंकी पुत्र ब्रजपाल, सीताराम पुत्र तारे, छोटे पुत्र सुरेश, दीपक पुत्र बाबू के विरुद्ध तहरीर सौंपी। पुलिस ने आरोपियों के विरुद्ध जानलेवा हमला 109 (1), बलवा 191 (2, 191 (3) सहित बीएनएस की कई धाराओं के अंतर्गत मुकदमा दर्ज किया है। थानाध्यक्ष अन्नू कुमारी ने बताया कि हमलावरों की गिरफ्तारी के लिये पुलिस टीम लगी हुई है। आरोपी फरार हैं। उन्हें जल्द ही गिरफ्तार कर उनके विरुद्ध कड़ी कार्यवाही की जायेगी। फिलहाल गांव में शांति है।**

# महिला पर झोंका फायर आरोपियों पर मुक़दमा दायर

**नांगल सोती (चिंगारी)।** कल शाम ग्राम तिसोतरा में अपने घर के बाहर खड़ी महिला पर बाइक सवार युवकों द्वारा तमंचे से फायर झोंक देने से सनसनी फैल गई। गोली महिला से बचकर उसके घर के दरवाजे पर लगी और आर-पार हो गई। पुलिस ने जानलेवा हमले का मुकदमा दर्ज किया है।

तिसोतरा निवासी राजवीर सिंह का घर गांव के बाहरी छोर पर गौसपुर संपर्क मार्ग के किनारे स्थित तालाब के समीप है। राजवीर चंडीगढ़ में रहकर रंगाई-पुताई का काम करता है। राजवीर की पत्नी सविता ने गत रात्रि पुलिस को दिये प्रार्थना-पत्र में कहा है कि कल शाम लगभग 7 बजे वह अपने घर के बाहर खड़ी थी, तभी गांव के तीन लड़के पंकज पुत्र संदेश, मोन्टी पुत्र मुन्नू तथा एक अज्ञात बाइक पर सवार होकर उसके घर के सामने आये। पंकज ने जान से मारने की नीयत से उसके ऊपर तमंचे से फायर कर दिया, जिससे वह बाल-बाल बची। गोली उससे बचकर उसके घर के दरवाजे पर लगी। इसके बाद तीनों युवक जान से मारने की धमकी देते हुए भाग गये।

महिला की तहरीर पर पुलिस ने आरोपियों के विरुद्ध जानलेवा हमले की धारा 109 (1) तथा धारा 351 (3) बीएनएस के अंतर्गत मुकदमा पंजीकृत किया है। रात्रि में क्षेत्राधिकारी आकांक्षा गौतम ने भी घटनास्थल का निरीक्षण कर परिजनों से आवश्यक जानकारी हासिल की। यह प्रकरण गांव निवासी सजल तथा पंकज के बीच चल रही रंजिश का परिणाम बताया जाता है। मुकदमा दर्ज कराने वाली महिला सजल की चाची है।


पीड़िता के घर के दरवाजे पर मौजूद गोली का निशान

## दो गुटों में चल रही वर्चस्व की लड़ाई

उक्त प्रकरण ग्राम तिसोतरा में अलग-अलग समाज के युवकों के दो गुटों में चल रही वर्चस्व की जंग का परिणाम बताया जाता है। इस तरह की फायरिंग के प्रकरण गांव में पहले भी सामने आ चुके हैं। 29 अक्टूबर, 2025 को ग्राम निवासी सीमा पत्नी विजेन्द्र ने भी बाइक सवार तीन युवकों पर अवैध शस्त्र से फायरिंग कर दहशत फैलाने का आरोप लगाते हुए मुकदमा दर्ज कराया था। उक्त प्रकरण में पुलिस ने सजल पुत्र सुखदेव को तमंचे तथा कारतूस के साथ गिरफ्तार कर जेल भेजा था। गांव निवासी सतेन्द्र पुत्र रामभरोसे ने 21 दिसंबर, 2024 को दो युवकों पर उसके घर पर आकर फायरिंग करने का आरोप लगाया था। पुलिस ने इस प्रकरण में भी सजल पुत्र सुखदेव को तमंचे तथा कारतूस के साथ गिरफ्तार कर जेल भेजा था। 10 सितंबर, 2025 को सजल का चार अवैध शस्त्र लेकर हवाई फायरिंग करने का वीडियो वायरल हुआ था। तब पुलिस ने उसे दो अवैध तमंचों के साथ गिरफ्तार कर जेल भेजा था। सजल के विरुद्ध कई मुकदमे दर्ज हैं। वहीं 21 मार्च, 2026 को गांव के निवासी दलित युवक सुनीत पुत्र नरेन्द्र ने पंकज पुत्र संदेश तथा उसके साथियों पर एससी-एसटी एक्ट व मारपीट की धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कराया था। पहले सजल तथा पंकज एक साथ रहते थे। मगर पिछले काफी समय से दोनों ने अलग-अलग ग्रुप बना लिये हैं। दोनों ग्रुपों में वर्चस्व की जंग चल रही है।

# दो के ऊपर तमंचा ताना जग्गू को पड़ा जेल जाना

**नांगल सोती (चिंगारी)।** दूसरे गांव में जाकर पहले एक किशोर तथा फिर एक युवक के ऊपर तमंचा तानकर सनसनी फैलाने वाले युवक को पुलिस ने गिरफ्तार करके न्यायालय के आदेश पर जेल भेज दिया। आरोपी के विरुद्ध पूर्व में भी मुकदमे दर्ज हैं। ज्ञातव्य है कि 31 जुलाई को एजाज उर्फ जग्गू पुत्र वरीश निवासी ग्राम दहीरपुर थाना नांगल ने अपने पास के ग्राम रायपुर खास उर्फ कोटसराय में जाकर दिनदहाड़े वहां के निवासी मयंक (14 वर्ष) पुत्र मुकेश कश्यप को रास्ते में रोककर उसके ऊपर तमंचा तान दिया था। सामने अपनी बैठक पर बैठे दिवाकर पुत्र पीतम सिंह ने जब इसका विरोध किया था, तो आरोपी ने उसके सामने ही तमंचे में कारतूस लोड करके उसके ऊपर भी तमंचा तान दिया था। दिवाकर ने उसे पकड़ने का प्रयास किया था, तो वह तमंचा दिखाते हुए अपने दूसरे साथी की बाइक पर बैठकर फरार हो गया था। थानाध्यक्ष अन्नू कुमारी ने बताया कि आरोपी एजाज उर्फ जग्गू को ग्राम कोटसराय के समीप स्थित आम के बाग से 315 बोर के तमंचे तथा एक जीवित कारतूस के साथ गिरफ्तार कर लिया गया।

# न्यूड वीडियो वायरल करने की धमकी देकर शारीरिक संबंध बनाने का आरोपी गिरफ्तार

**चांदपुर (चिंगारी)।** पुलिस ने एक युवती की न्यूड वीडियो व फोटो वायरल करने की धमकी देकर उसके साथ कई बार शारीरिक संबंध बनाने तथा जान से मारने की धमकी देने के आरोपी को गिरफ्तार किया। नगर निवासी एक व्यक्ति ने 27 जुलाई को थाने में दी गई तहरीर में मुहल्ला सरायरफी निवासी जाकिर ने उसकी बहन की न्यूड वीडियो व फोटो वायरल करने की धमकी देकर उसके साथ कई बार शारीरिक संबंध बनाने तथा उसको व उसकी बहन को जान से मारने की धमकी देने तथा उसकी दो बहनों को सैक्स करने के उद्देश्य से ले जाने का आरोप लगाया था। 30 जुलाई को दोनों बहनों को बरामद किया गया तथा युवती के बयान के आधार पर जाकिर व अन्य प्रकाश में आये आसिफ, शादाब व एक अज्ञात



व्यक्ति द्वारा मारपीट कर सामूहिक बलात्कार करने की पुष्टि की गई। पुलिस ने जाकिर को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस प्रकाश में आये अभियुक्तों की गिरफ्तारी के प्रयास में लगी हुई है।

# बहुचर्चित राकेश हत्याकांड में आठ लोग दोषी क़रार

**बिजनौर (चिंगारी)। अतिरिक्त विशेष सत्र न्यायाधीश पोक्सो एक्ट ने बहुचर्चित राकेश हत्याकांड में 8 आरोपियों को दोषी करार दिया है। अदालत 4 अगस्त 2026 को फैसला सुनाएगी। सभी दोषियों को पुलिस अभिरक्षा में जेल भेज दिया गया है।**

सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता मुकेश कुमार चौहान के अनुसार शनिवार को आरोप अंतर्गत धारा 147, 148, 149, 302, 307, 120 बी, 506 भारतीय दंड संहिता में अभियुक्तगण रॉबिन, चंद्रवीर उर्फ बिट्टू, प्रदीप, पीयूष, अक्षय एवं सोनू को दोषी ठहराया गया है। अभियुक्तगण गुड्डी उर्फ सुदेशना, राजपाल उर्फ इच्छाराम एवं मोनिका को दोषमुक्त कर दिया गया है। अदालत ने फैसला सुनाने के लिए 4 अगस्त तारीख नियत की। यह घटना 27 सितंबर 2018 स्योहारा थाना क्षेत्र के ग्राम बेरखेड़ा की है। मंतेष देवी ने प्रार्थना-पत्र देते हुए उल्लेख किया था कि वह और उसका पति राकेश कुमार मोटरसाइकिल से बुढ़नपुर बाजार करने के बाद अपने घर राना नंगला की ओर जा रहे थे। ग्राम बेरखेड़ा के तिराहे के पास रोबिन, राहुल, बिट्टू, राजपाल सिंह, शुभम जो उसके गांव राना नंगला के हैं, जिन्हें वह भली-भांति जानती है और उनके साथ दो-तीन अज्ञात व्यक्ति मुंह पर कपड़ा बांधे हुए थे, हमें देखकर रुकने का इशारा किया। मंतेष के पति ने किसी अनहोनी की आशंका को देखते हुए वहां से निकलने का प्रयास किया, लेकिन इन सभी लोगों ने जिनके हाथों में तमंचे थे, उसके पति को घेरकर तमंचे से फायर करके जान से मार दिया। वह अपने पति को बचाने के लिए चिल्लाई तो उन लोगों ने उस पर भी जान से मारने की नीयत से फायर किया, जिसमें वह बाल-बाल बची। जाते-जाते हाथों में तमंचे लहराते हुए उन्होंने कहा कि घटना के बारे में मुकदमा लिखवाएगा उसके सारे परिवार को ऐसे ही जान से मार दिया जाएगा। मंतेष देवी ने बताया था कि उसके देवर मुकेश की हत्या 11 महीने पहले आदित्य राणा, मोहित, राहुल और विशाल ने गोली मारकर कर दी थी, जिसकी पैरवी उसके पति राकेश कर रहे थे। आदित्य और उसके साथी तथा बहन मोनिका धमकी देते थे कि पैरवी करना बंद कर दो, वर्ना जान से मार देंगे। मामले की सुनवाई के बाद अपर सत्र न्यायाधीश श्री लोकेश नागर ने रोबिन, चंद्रवीर उर्फ बिट्टू, प्रदीप, पीयूष, अक्षय, सोनू, शुभम और जयवीर को दोषी करार दिया।

## नाबालिग से छेड़छाड़ करने वाले दानिश को चार साल की सज़ा

**बिजनौर (चिंगारी)।** विशेष सत्र न्यायाधीश पॉक्सो एक्ट कल्पना पांडे ने नाबालिग से छेड़छाड़ करने वाले अभियुक्त दानिश को चार वर्ष कठोर कारावास और 21 हजार रुपए अर्थदंड की सजा सुनाई है। विशेष लोक अभियोजक भालेंद्र सिंह राठौर के अनुसार नजीबाबाद निवासी एक महिला ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई कि उसकी 16 वर्षीया पुत्री कक्षा 10 की छात्रा है। 16 जुलाई 2026 को उसकी पुत्री ट्यूशन के लिए जा रही थी कि नजीबाबाद में जैसे ही पाल धर्मशाला के पास पहुंची तो नगीना देहात थानांतर्गत ग्राम किशनपुर आंवला निवासी दानिश पुत्र मुन्ने ने इसे रोक लिया और अश्लील हरकतें करते हुए उसके सीने पर हाथ मारा। पीड़िता ने उसे तेज शब्दों में अपशब्द कहे तो दानिश वहां से चला गया। इस मामले में विशेष सत्र न्यायाधीश पॉक्सो एक्ट कल्पना पांडे ने नाबालिग से छेड़छाड़ करने वाले अभियुक्त दानिश को पॉक्सो एक्ट की धारा 8 के तहत चार वर्ष कठोर कारावास और 20 हजार रुपए अर्थदंड की सजा तथा धारा 296 के तहत दो माह कारावास और एक हजार रुपए अर्थदंड की सजा सुनाई है।

## शादी का झांसा देकर दुष्कर्म करने वाले दो सगे भाइयों को कठोर कारावास की सज़ा

**बिजनौर (चिंगारी)।** विशेष सत्र न्यायाधीश पॉक्सो एक्ट कल्पना पांडे ने शादी का झांसा देकर दुष्कर्म करने वाले दो सगे भाइयों को कठोर कारावास एवं अर्थदंड की सजा सुनाई गई है। विशेष लोक अभियोजक भालेंद्र सिंह राठौर के अनुसार मंडावर थाना क्षेत्र निवासी एक महिला ने न्यायालय में धारा 156(3) दण्ड प्रक्रिया संहिता के तहत प्रार्थना-पत्र दिया था कि उसकी नाबालिग पुत्री का चांदपुर थाना क्षेत्र के मोहल्ला पतियापाड़ा निवासी खजान सिंह सैनी पुत्र हरस्वरूप सैनी ने मुलाकात करके निकटता बढ़ाई और उसे शादी का झांसा देकर उससे शारीरिक संबंध बनाए। शादी का विश्वास दिलाने के लिए उसने टीका करने की रस्म भी कराई। वह पहले से शादीशुदा था। पीड़िता की दूसरी नाबालिग पुत्री से खजान सिंह ने अपने भाई गोविन्द सैनी से शादी की बात कही। उसका छोटा भाषी गोविंद भी पीड़िता की छोटी पुत्री के साथ शारीरिक संबंध बनाता रहा। न्यायालय ने इस मामले को परिवाद में दर्ज किया। इस पर सुनवाई करते हुए न्यायालय ने दोनों भाइयों खजान सिंह सैनी और गोविंद सिंह सैनी को तलब किया और मुकदमे का विचारण किया गया। इस मामले में विशेष सत्र न्यायाधीश पॉक्सो एक्ट कल्पना पांडे ने अपराध सिद्ध होने पर पॉक्सो एक्ट के तहत खजान सिंह सैनी को सात वर्ष कठोर कारावास और 25 हजार रुपए अर्थदंड की सजा, जबकि गोविन्द सिंह सैनी को भारतीय दण्ड संहिता की धारा 504 और धारा 506 के तहत एक-एक वर्ष कठोर कारावास और एक-एक हजार रुपए अर्थदंड की सजा सुनाई है।

# नजीबाबाद में हुआ फौजी चैरिटेबल डिस्पेंसरी का भव्य उद्घाटन

## मुख्यअतिथि परमवीर चक्र विजेता अमर शहीद वीर अब्दुल हमीद के पौत्र जमील आलम रहे



नजीबाबाद (चिंगारी)। हर्षवाड़ा रोड स्थित शकूर नगर में शनिवार को अंजुमन इदरीसिया ट्रस्ट द्वारा स्थापित फौजी चैरिटेबल डिस्पेंसरी का भव्य उद्घाटन एवं नि:शुल्क चिकित्सा शिविर आयोजित किया गया। डिस्पेंसरी की स्थापना डॉ. रफत हुसैन द्वारा की गई है, जबकि उद्घाटन समारोह मेजर दानिश फ़ारूक़ी के संरक्षण एवं मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि परमवीर चक्र विजेता अमर शहीद वीर अब्दुल हमीद के पौत्र जमील आलम रहे। उद्घाटन जमील आलम एवं अंजुमन-ए-इदरीसिया के अध्यक्ष नफ़ीस इदरीसी ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। इसके बाद महात्मा विदुर पूर्व सैनिक एसोसिएशन के अध्यक्ष अरविंद लांबा एवं सचिव सूबेदार यशपाल सिंह ने डिस्पेंसरी का विधिवत शुभारंभ कराया। इस अवसर पर चेयरमैन मुअज्जम ने जमील आलम को वीर अब्दुल हमीद द्वार का अवलोकन कराया, जबकि अपना दल (एस) के जिला अध्यक्ष शैलेन्द्र चौधरी ने अपने आवास पर उनका स्वागत एवं सम्मान किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने कहा कि फौजी चैरिटेबल डिस्पेंसरी समाज के निर्धन एवं जरूरतमंद लोगों को सुलभ स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने के साथ-साथ पूर्व सैनिकों एवं उनके परिवारों के कल्याण की दिशा में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। उन्होंने डॉ. रफत हुसैन की इस जनसेवा भावना तथा मेजर दानिश फ़ारूक़ी के संरक्षण में किए जा रहे प्रयासों की सराहना करते हुए इसे समाज के लिए प्रेरणादायी पहल बताया। मेजर दानिश फ़ारूक़ी ने नजीबाबाद के सभी पत्रकार बंधुओं को उपहार भेंट कर सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि निष्पक्ष एवं जनहितकारी पत्रकारिता लोकतंत्र का सशक्त आधार है। पत्रकारों ने इस सम्मान के लिए आभार व्यक्त करते हुए इसे पत्रकारिता के प्रति सम्मान व समाज के साथ सकारात्मक संवाद की एक सराहनीय पहल बताया। कार्यक्रम में चेयरमैन खुर्शीद मंसूरी (साहनपुर), चेयरमैन इंजीनियर मुअज्ज़म (नजीबाबाद), पूर्व चेयरमैन याकूब राईन (जलालाबाद), चेयरमैन जावेद (अफ़ज़लगढ़), पूर्व चेयरमैन किरतपुर काज़ी तारिक, डॉ. संदीप अग्रवाल (पूजा हॉस्पिटल), डॉ. बिन यामीन (एचएमएव), डॉ. रफत हुसैन, डॉ. फरहत, डॉ. साजिद, डॉ. अज़ीम, चौधरी ईशम (भाजपा नेता), एडवोकेट सुहैल खान, बार अध्यक्ष एडवोकेट कासिम अहमद, एडवोकेट धीरेंद्र, योगेश राणा, महात्मा विदुर पूर्व सैनिक एसोसिएशन के अध्यक्ष अरविंद लांबा एवं सचिव सूबेदार यशपाल सिंह, नज़ाकत अली प्रदेश सचिव, सभासद मौ. अच्छन राईन, मेजर दानिश फ़ारूक़ी सहित जिले के अनेक गणमान्य नागरिक, चिकित्सक, अधिवक्ता, पत्रकार, पूर्व सैनिक एवं समाजसेवी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया गया तथा फौजी चैरिटेबल डिस्पेंसरी के माध्यम से जनसेवा के इस अभियान को निरंतर आगे बढ़ाने का संकल्प दोहराया गया।

# नजीबुद्दौला गर्ल्स इंटर कॉलेज की छात्राओं ने रैली निकाली




नजीबाबाद (चिंगारी)। देश को टीबी रोग से मुक्त करने के उद्देश्य से चलाए जा रहे राष्ट्रीय अभियान टीबी मुक्त भारत के तहत नजीबुद्दौला गर्ल्स इंटर कॉलेज की एनसीसी छात्राओं द्वारा एनसीसी प्रभारी हिना सैफी के नेतृत्व में एक जागरूकता रैली निकाली गई। रैली का शुभारंभ विद्यालय के प्रबंधक सुहेलुर्रहमान व प्रधानाचार्या शबाना परवीन ने हरी झंडी दिखाकर किया। उन्होंने छात्राओं के इस सामाजिक प्रयास की जमकर सराहना की। रैली में शामिल एनसीसी कैडेट्स हाथों में स्लोगन लिखी तख्तियां व बैनर लिए हुए थीं। छात्राओं ने टीबी हारेगा देश जीतेगा व नियमित दवा खाएं टीबी दूर भगाएं जैसे नारे लगाकर स्थानीय निवासियों को जागरूक किया। यह रैली विद्यालय परिसर से शुरू होकर नगर के विभिन्न प्रमुख मार्गो से गुजरी। इस दौरान एनसीसी प्रभारी हिना सैफी व छात्राओं ने लोगों को बताया दो हफ्ते से अधिक खांसी रहना टीबी का लक्षण हो सकता है, जिसका सरकारी अस्पतालों में मुफ्त इलाज उपलब्ध है। इस मौके पर कॉलेज का समस्त स्टाफ व बड़ी संख्या में स्थानीय लोग मौजूद रहे।

## आग की घटना रोकने के लिए अग्निशमन उपकरण का परीक्षण दिया



मंडावली/नजीबाबाद (चिंगारी)। पुलिस अधीक्षक अभिषेक झा के आदेशानुसार मुख्य अग्निशमन अधिकारी बिजनौर डॉ. राजीव कुमार पांडेय के निर्देशन में मंडावली क्षेत्र में अग्निशमन उपकरण का परीक्षण दिया गया। नजीबाबाद अग्निशमन प्रभारी केएस जादौन ने बताया कि कांवड़ यात्रा को सकुशल संपन्न कराने के लिए सुरक्षा व्यवस्था हेतु आग से होने वाली घटनाओं को रोकने के लिए अधिकारियों के आदेशानुसार मंडावली क्षेत्र में थाना प्रभारी वीरेंद्र कुमार की उपस्थिति में आग से बचाव की जानकारी दी गई है। कांवड़ मार्ग पर बनी पुलिस पिकेट में ड्यूटी कर रहे पुलिस अधिकारियों, पुलिस कर्मियों को अग्निशमन उपकरण का व्यावहारिक परीक्षण देकर फायर उपकरण दिए। परीक्षण में आग से बचाव व जनहानि रोकने को लेकर फायर उपकरण चलाने का परीक्षण दिया गया। अग्निशमन प्रभारी ने बताया कि नजीबाबाद, मंडावली सहित 29 पुलिस पिकेट पर फायर उपकरण दिए गए है। जिससे आवयश्कता पड़ने पर इनका उपयोग कर घटना को रोका जा सके।

## भारतीय किसान संगठन एकता की जिला कार्यकारिणी भंग

नजीबाबाद (चिंगारी)। भारतीय किसान संगठन एकता के प्रदेश अध्यक्ष महीपाल यादव ने राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रमोद सरायघासी की आज्ञा से भारतीय किसान संगठन एकता की बिजनौर जिले की जिला कार्यकारिणी भंग कर दी है। उन्होंने कहा कि जिला कार्यकारिणी में आगे से किसी भी पद पर होने वाली नियुक्त दो साल के लिए होगी। जिला संगठन का गठन कांवड़ यात्रा के बाद दोबारा किया जाएगा।

## जमीअत का मुआशरा प्रोग्राम आज

नजीबाबाद (चिंगारी)। जमीअत उलेमा हिंद की ओर से आज रात बाद नमाजे ईशा नगर के मौहल्ला महलसराय नईबस्ती स्थित मस्जिद में मुआशरा प्रोग्राम का आयोजन किया जाएगा। यह जानकारी कोल्हू वाली के इमाम मौलाना इम्तियाज ने दी।

## ट्रंप ने ईरान पर प्रस्तावित हमला रोका

**मास्को (एजेंसी/चिंगारी)। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा है कि ईरान के साथ होने वाले समझौते के मद्देनजर उन्होंने ईरान पर किए जाने वाले हमले को रद्द कर दिया है। श्री ट्रंप ने 'ट्रुथ सोशल' पर कहा, 'दुनिया के भविष्य के फ़ायदे और एक सफल एवं समृद्ध ईरान के लिए, मैंने हमला रद्द करने पर सहमति व्यक्त की है बशर्ते कि जल्द ही कोई समझौता हो सके। इज़रायल भी इस प्रतिबद्धता में मेरे साथ है।' इससे पहले, शनिवार को श्री ट्रंप ने सऊदी क्राउन प्रिंस मोहम्मद बिन सलमान से फ़ोन पर बातचीत की थी।**


बिजनौर में खुल गया है

ATHER

कम डाउन पेमेंट कम ब्याज दर
आज ही लायें एथर स्कूटर

ATHER



बिजनौर/धामपुर में एथर शोरूम के लिये आवश्यकता है- शोरूम मैनेजर, सेल्स एक्सयूटिव एवं मैकेनिक की।

मो. 8192801901

Dhruvika Motors

Ankur Heights Opp- IOC Petrol Pump
Near Axis Bank, Kiratpur Road Bijnor
246701 Ph- 9240083911

# धामपुर पब्लिक स्कूल में हुआ इन्वेस्टिचर सेरेमनी का आयोजन




**धामपुर ( चिंगारी )।** धामपुर पब्लिक स्कूल में इन्वेस्टिचर सेरेमनी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय की प्रधानाचार्या श्रीमती बबिता गुप्ता के मार्गदर्शन में मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। इसके पश्चात छात्राओं द्वारा सरस्वती वंदना पर मनमोहक नृत्य की प्रस्तुति दी गई।

सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के उपरांत सभी हाउस कैप्टन एवं वाइस कैप्टन ने अपने-अपने हाउस के साथ आकर्षक मार्च पास्ट प्रस्तुत किया। जूनियर विंग में हेड बॉय हर्षुल एवं हेड गर्ल रिधिमा का चयन किया गया, जबकि सीनियर विंग में हेड गर्ल सौम्या पाण्डे का चयन किया गया, जबकि जूनियर विंग में अर्थ हाउस की कैप्टन माहिरा एवं वाइस कैप्टन ज़ुबैर, फायर हाउस की कैप्टन जान्हवी एवं वाइस कैप्टन मयंक चौहान, वॉटर हाउस के कैप्टन फ़ैज़ एवं वाइस कैप्टन समीरा तथा विंड हाउस की कैप्टन जुनैरा एवं वाइस कैप्टन अब्दुल गनी का चयन किया गया। सीनियर विंग में अर्थ हाउस की कैप्टन साम्या एवं वाइस कैप्टन इल्मा, फायर हाउस की कैप्टन साक्षी एवं वाइस कैप्टन मानवी, विंड हाउस की कैप्टन सोहाना परवीन एवं वाइस कैप्टन महिमा, तथा वॉटर हाउस की कैप्टन त्रिशा एवं वाइस कैप्टन हिमाक्षी का चयन किया गया। विद्यालय की प्रधानाचार्या श्रीमती बबिता गुप्ता ने सभी निर्वाचित छात्र-छात्राओं को सैश एवं बैज पहनाकर सम्मानित किया। इस अवसर पर विद्यालय के डिसिप्लिन स्टूडेंट्स को भी बैज लगाकर सम्मानित किया गया। उन्हें मिस कंचन द्वारा अनुशासन एवं कर्तव्यनिष्ठा की शपथ दिलाई गई। कार्यक्रम को सफल बनाने में विद्यालय के शिक्षक पंकज कुमार, मोहित कुमार, दीपक कुमार, विपिन कुमार, तथा शिक्षिकाओं प्रिया, अलका, पूनम, नसरीना, अर्चना, प्रार्थना, प्रतिभा, प्रियंका, आंचल, रीना, शिवानी, लक्षिका, गीता, नीलमणि, अर्चना, करुणा, तरन्नुम, कंचन, दिव्या, कुसुम एवं सबिता का सराहनीय सहयोग रहा।

## कॉलेज में छात्र-छात्राओं एवं शिक्षकों को नशामुक्त भारत निर्माण का संकल्प दिलाया



**धामपुर ( चिंगारी )।** भारत सरकार के युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय तथा मेरा युवा भारत के तत्वावधान में संचालित 'नशा मुक्त युवा-विकसित भारत' अभियान के अंतर्गत जेके मॉडर्न लॉ कॉलेज, धामपुर में नशा मुक्ति शपथ कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय प्रबंधक जितेन्द्र कुमार एवं प्राचार्य प्रदीप राठौर द्वारा माँ सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। इस अवसर पर कॉलेज के समस्त छात्र-छात्राओं, शिक्षकों एवं शिक्षणेत्तर कर्मचारियों ने एक स्वर में नशा मुक्त भारत के निर्माण का संकल्प लेते हुए नशा मुक्ति की शपथ ग्रहण की।

इस अवसर पर प्राचार्य प्रदीप राठौर, महाविद्यालय प्रबंधक जितेन्द्र कुमार ने कहा कि शिक्षा का उद्देश्य केवल डिग्री देना नहीं, बल्कि नैतिक मूल्यों और राष्ट्रीय चेतना का विकास करना भी है।

## प्रिंस चौधरी ने ग्रामवासियों से किया संवाद



**बिजनौर ( चिंगारी )।** वरिष्ठ भाजपा नेता प्रिंस चौधरी ने विधानसभा क्षेत्र के मंडावर मंडल अंतर्गत ग्राम फजलपुर में आयोजित किसान-मज़दूर चौपाल के माध्यम से ग्रामवासियों के साथ संवाद किया। इस अवसर पर भाजपा सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं, विशेषकर किसान, मजदूर, गरीब, युवा, किसान, महिला एवं वंचित वर्ग के उत्थान हेतु संचालित विभिन्न योजनाओं की विस्तृत जानकारी साझा की।

साथ ही किसानों के हित में प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार द्वारा प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना को वर्ष 2026-27 से 2030-31 तक जारी रखने के ऐतिहासिक निर्णय की जानकारी दी। इस योजना के लिए कुल 3.15 लाख करोड़ के वित्तीय परिव्यय को स्वीकृति प्रदान की गई है। अब तक इस योजना के अंतर्गत 4.47 लाख करोड़ से अधिक की राशि सीधे किसानों के बैंक खातों में हस्तांतरित की जा चुकी है।

इस अवसर पर सर्व श्री राजकुमार, नरेश सेठ सिंह, पंकज राठी, राजदेव, महिपाल, देवेंद्र सिंह, चंद्रपाल, महेंद्र सिंह, आदेश, शिवम, पिंकू जौनी (पूर्व प्रधान), पूर्व मंडल अध्यक्ष राजेंद्र सिंह, पूर्व मंडल अध्यक्ष कृष्ण पाल आर्य, पूर्व मंडल अध्यक्ष विष्णु पथ, सुधीर, दिनेश शर्मा, भूपेंद्र सिंह, सतेन्द्र सिंह, पुनीत कुमार, अनुराग राठी, विशु कुमार सहित बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित रहे।

## बैंक में ब्लेड से बैग काटकर नकदी चोरी

**कोतवाली देहात ( चिंगारी )।** स्थानीय पंजाब नेशनल बैंक में पैसे जमा करने आए एक व्यक्ति के साथ चोरी की घटना सामने आई है। पीड़ित कोतवाली देहात थाना क्षेत्र के ग्राम महमूदपुर भावता का रहने वाला है। पीड़ित का नाम राजकुमार है जोकि शनिवार को पंजाब नेशनल बैंक में 1,40,000 रु. जमा करने आया था, इसी दौरान उसके साथ यह घटना हो गई। दो महिलाओं ने मौका पाकर उसके बैग को ब्लेड से काट दिया और बैग में रखी नकदी निकालकर फरार हो गई। पीड़ित को घटना की जानकारी उस समय हुई, जब उसने अपने बैग को देखा और उसमें कट लगा पाया। बैग से पैसे गायब होने के बाद पीड़ित के होश उड़ गए। इसके बाद उसने बैंक अधिकारियों को घटना की जानकारी दी और पुलिस को भी सूचित किया। घटना बैंक परिसर में लगे सीसीटीवी कैमरों में कैद हो गई है। सूचना मिलने पर पुलिस ने मामले की जानकारी जुटाई और बैंक के सीसीटीवी फुटेज की जांच शुरू कर दी है। पीड़ित ने आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग करते हुए पुलिस को तहरीर दे दी है। पुलिस का कहना है कि सीसीटीवी फुटेज के आधार पर संदिग्धों की पहचान करने का प्रयास किया जा रहा है। फुटेज की जांच के साथ ही बैंक परिसर और आसपास मौजूद लोगों से भी जानकारी जुटाई जा रही है।

### घटना सीसीटीवी में कैद

## जिलाध्यक्ष अंजलि त्यागी को सम्मानित किया


जिला अध्यक्ष अंजलि त्यागी को सम्मानित करते हुए।

**धामपुर ( चिंगारी )।** तहसील सभागार में लेखपाल संघ द्वारा एक सम्मान समारोह आयोजित किया गया, जिसमें उत्तर प्रदेश लेखपाल संघ, जनपद बिजनौर की नवनिर्वाचित जिलाध्यक्ष अंजली त्यागी को सम्मानित किया गया।

अंजली त्यागी प्रदेश में इस पद पर निर्वाचित होने वाली पहली महिला हैं। उन्होंने कहा कि उन्हें जो जिम्मेदारी दी गई है उसका वह निष्ठापूर्वक निर्वहन करते हुए लेखपालों की समस्याओं के समाधान के लिए प्रयासरत रहेंगी। समारोह में उत्तर प्रदेश लेखपाल संघ के मुरादाबाद मंडल के खंड मंत्री विनेश कुमार को भी सम्मानित किया गया।

इनके अतिरिक्त, नवनिर्वाचित वरिष्ठ उपाध्यक्ष रविंद्र शर्मा, कनिष्ठ उपाध्यक्ष रविंद्र कुमार और ऑडिटर सुखवीर सिंह का भी सम्मान किया गया। इस दौरान लेखपाल संघ धामपुर के संरक्षक अशोक कुमार, अध्यक्ष प्रवीण नागर और सचिव प्रदीप तालियान राजस्व निरीक्षक योगेंद्र कुमार, ओमवीर सिंह, योगेंद्र सिंह, अजीत सिंह, पवन कुमार सहित अक्षय त्यागी, सुरेंद्र सिंह, नरेश कुमार, छतरपाल सिंह, प्रभात चौधरी, प्रीति राजपूत, रीना, अमितु शर्मा, आकांक्षा, मोनिका, शिवानी, राजदीप सिंह, ब्रजमोहन सिंह, संजीव कुमार सिंह सहित समस्त लेखपाल, राजस्व निरीक्षक और तहसील के कर्मचारीगण उपस्थित रहे।


# चैम्पियनशिप में प्रतिभाग करने को ताइक्कांडो ट्रेनिंग अकादमी की टीम लखनऊ रवाना

नजीबाबाद (चिंगारी)। नजीबाबाद ताइक्कांडो ट्रेनिंग अकादमी की लगभग 30 खिलाड़ियों की टीम उत्तर प्रदेश ताइक्कांडो चैम्पियनशिप में प्रतिभाग करने के लिए लखनऊ के लिए रवाना हो गई। यह चैंपियनशिप 2 अगस्त तक केडी सिंह बाबू स्टेडियम, लखनऊ में आयोजित होगी, जिसमें नजीबाबाद ताइक्कांडो ट्रेनिंग अकादमी, आदर्शनगर के खिलाड़ी जनपद बिजनौर का प्रतिनिधित्व करते हुए अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे। अकादमी के मुख्य कोच रिंकू वर्मा ने बताया कि सभी खिलाड़ी पिछले कई महीनों से कड़ी मेहनत व नियमित अभ्यास कर रहे हैं। उन्हें पूर्ण विश्वास है कि खिलाड़ी प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर नजीबाबाद एवं जनपद बिजनौर का नाम प्रदेश स्तर पर गौरवान्वित करेंगे। कोच रिंकू वर्मा ने कहा कि अनुशासन, समर्पण व आत्मविश्वास ही सफलता की कुंजी है। भाजपा पिछड़ा मोर्चा सोशल मीडिया के जिला प्रमुख रितेश सैन ने खिलाड़ियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि लक्ष्य निर्धारित कर संयम, अनुशासन व सकारात्मक सोच के साथ खेलना ही एक सच्चे खिलाड़ी की पहचान है। सभी अभिभावकों ने खिलाड़ियों को अपना आशीर्वाद देकर उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर अकादमी के अध्यक्ष अधिराज राठी, उपाध्यक्ष मीनाक्षी चौधरी, मुख्य कोच रिंकू वर्मा, कोच बृजेश कुमार, विक्रम सिंह, निशांत सिंह, वीरेंद्र कुमार, नितिन वर्मा, चारु संगम सहित बड़ी संख्या में अभिभावक एवं खेल प्रेमी उपस्थित रहे।



**चैम्पियनशिप में भाग लेने को रवाना होती ताइक्कांडों खिलाड़ियों की टीम।**

# नॉर्थ इंडिया ग्रुप ऑफ़ कॉलेजेस में मनाई गई मुंशी प्रेमचंद जयंती



नजीबाबाद (चिंगारी)। नॉर्थ इंडिया कॉलेज ऑफ हायर एजुकेशन में कथा सम्राट, महान उपन्यासकार व हिंदी साहित्य के अग्रदूत मुंशी प्रेमचंद की जयंती मनाई गई। इस अवसर पर संस्थान के प्रबन्ध निदेशक इंजी. अवनीश अग्रवाल, कार्यकारी निदेशक अभिनव अग्रवाल, कॉलेज प्राचार्या डॉ. नीलावती व हिन्दी प्राध्यापक डॉ. जसवन्त सिंह आदि ने मुंशी प्रेमचंद की तस्वीर के समक्ष श्रद्धा सुमन अर्पित किये। प्रबंध निदेशक इंजी. अवनीश अग्रवाल ने कहा कि प्रेमचन्द का साहित्य मानव के अंदर करुणा व दया की तीव्र जागृति करता है। हिन्दी साहित्य के प्रति पाठकों का लगाव, प्रेमचन्द को पढ़कर और भी बढ़ जाता है। इस अवसार पर प्राचार्या डॉ. नीलावती ने कहा कि प्रेमचन्द का साहित्य अतीत का झरोखा है, जिसमें हम तत्कालीन परिवेश को निकटता से जान और समझ पाते हैं। हिन्दी प्राध्यापक डॉ. जसवन्त सिंह ने मुंशी प्रेमचन्द के जीवन-संघर्ष पर प्रकाश डाला और उनकी साहित्यिक यात्रा का वर्णन किया। उन्होंने बताया कि प्रेमचन्द हिन्दी ही नहीं बल्कि उर्दू साहित्य में भी अपनी अद्वितीय पहचान रखते हैं। आज भी उनकी कहानियां व उपन्यास हिन्दी साहित्य में अनूठी पहचान रखते हैं। इस अवसर पर डॉ. नवनीत राजपूत, डॉ. रामकिशोर सिंह, डॉ. चंचल कुमार, प्रदीप कुमार, डॉ. अरविन्द राजपूत, डॉ. अनम खान, शादमा परवीन, विष्णु दत्त शर्मा, ज्योति, सोनम, अमन कुमार शर्मा, ज्योति तेजवान, प्राची, माधव वर्मा आदि प्राध्यापक/प्राध्यापिकाएं उपस्थित रहे।


मिर्गी दौरे

(मिर्गी के लक्षण)

1. अचानक बेहोश हो जाना
2. हाथ-पैर ऐंठ जाना
3. शरीर का अकड़ना
4. मुंह से झाग निकलना
5. मुट्ठियां कसना, आंखें पथराना





डा. अय्यूब हसन 'मार्शल'

M.B.B.S., G.M.C.S. (U.K.), M.I.P.S., M.I.E.A., F.I.P.S. (Fellow of Indian Psychiatry Society)

डा. अर्सलान अय्यूब

M.B.B.S. (TU), M.I.P.S., Member of Indian Psychiatry Association



(मानसिक रोग एवं उनके लक्षण)

1. डिप्रेशन, उदासी घबराहट (DEPRESSION)
2. पागलपन, गालियाँ देना, कानों में आवाजे आना, मारपीट, तोड़-फोड़ करना (SCHIZOPHRENIA)
3. शक की बीमारी, बार-बार हाथ धोना, ताले चेक करना (O.C.D)
4. नशा मुक्ति (शराब, भांग, सिगरेट) (DE ADDICTION)
5. बच्चों का मन्द बुद्धि होना, चिड़चिड़ा होना (ADHD), (AUTISM)
6. सरदर्द, सर का भारी होना, आधे सर में दर्द होना (MIGRAINE)
7. सेक्स समस्याएं (E.D) निसंतान

45 वर्ष से आपकी सेवा में

मार्शल मिर्गी एवं मानसिक चिकित्सा केन्द्र

पता-निकट चन्द्रा टाकीज़ सेन्ट्रल बैंक के सामने, मुजफ्फरनगर (उ.प्र.) मो.- 9997892556, 9997411423


# व्यापारियों ने विद्युत विभाग के एक्सईएन को सम्मानित किया



नजीबाबाद (चिंगारी)। उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार संगठन की ओर से जिलाध्यक्ष कपिल सर्राफ के निर्देश पर संगठन के पदाधिकारियों के एक प्रतिनिधिमंडल ने विद्युत वितरण खण्ड कार्यालय नजीबाबाद के अधिशासी अभियंता राजकुमार परमार से अजमल खां मार्ग स्थित उनके कार्यालय में मुलाकात कर अच्छे कार्य के लिए उन्हें प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया। इस मौके पर शाखा अध्यक्ष मोनू टाटा, शाखा उपाध्यक्ष सिताब खान, शाखा मंत्री फैजान अंसारी सहित कई अन्य व्यापारीगण मौजूद रहे।

# मौ. रफी को उनके गीत गाकर याद किया



नजीबाबाद (चिंगारी)। नगर के प्रसिद्ध गायक शमशाद अहमद के अदब सिटी स्थित आवास पर बीती रात देश के मशहूर गायक मौ. रफी की पुण्यतिथि पर एक गीतों भरी शाम कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में सभी ने मौ. रफी को याद कर उनके गीत गुनगुनाकर उन्हें खिराजे अकीदत पेश किया। गायकों ने कहा कि मौ. रफी की जादू भरी आवाज ताउम्र तक दुनिया में गूंजती रहेगी। इस मौके पर शमशाद अहमद ने-सारे जमाने से मौसम सुहाने से, हसीन खान ने-दिल के झरोखे में तुझ को बैठाकर, अनीस खान ने-टूटे हुए ख्वाबे ने। मौ. साबिर ने-ये माना मेरी जां मौहब्बत सज़ा है। फरहान ने-एक ना एक दिन ये कहानी बनेगी, मौ. जुल्फुकार ने-मेरे सपनो की रानी कब आएगी तू आदि रफी के गीत सुनाकर समां बांध दिया। कार्यक्रम में पत्रकार नौशाद मुल्तानी मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। इस मौके पर शादाब अहमद आदि मौजूद रहे।

# एएसपी व सीओ ने कांवड़ रूट का निरीक्षण कर यातायात व्यवस्था को परखा



**नांगल सोती (चिंगारी)।** आज दोपहर अपर पुलिस अधीक्षक (नगर) डा. कृष्ण गोपाल सिंह एवं क्षेत्राधिकारी नजीबाबाद आकांक्षा गौतम ने नांगल क्षेत्र में कांवड़ रूट का निरीक्षण कर सुरक्षा एवं यातायात व्यवस्था को परखा तथा ड्यूटी पर तैनात पुलिसकर्मियों को आवश्यक दिशा - निर्देश दिये। श्रावण मास की कांवड़ यात्रा जारी है। कांवड़ यात्रा को सुरक्षित, सुगम एवं निर्विघ्न बनाने के लिये अधिकारी लगातार कांवड़ रूट का दौरा कर व्यवस्थाओं का निरीक्षण कर रहे हैं। आज दोपहर अपर पुलिस अधीक्षक ने क्षेत्राधिकारी के साथ नांगल क्षेत्र में कांवड़ रूट का निरीक्षण कर कांवड़ियों की सुरक्षा के इंतजामों तथा यात्रा को बाधारहित बनाने के लिये की गई यातायात व्यवस्थाओं की भली - भांति परखा। उन्होने ड्यूटी पर तैनात पुलिसकर्मियों को जरूरी दिशा - निर्देश दिये, ताकि कांवड़ यात्रा सुरक्षित हो और कांवड़ियों के लिये सुगम हो। पुलिसकर्मियों को सतर्कता के साथ ड्यूटी निर्वहन करने, श्रद्धालुओं की सुरक्षा को पुख्ता करने, यातायात व्यवस्था सुचारु बनाये रखने तथा आपात स्थिति में त्वरित एवं प्रभावी कार्यवाही सुनिश्चित करने हेतु निर्देशित किया गया। इस दौरान अधिकारियों को एक ऐसा कांवड़ वाहन मिला, जो एक साइड को झुका हुआ था। इससे कांवड़ियों की सुरक्षा को खतरा हो सकता था। अपर पुलिस अधीक्षक डा. कृष्ण गोपाल सिंह ने बताया कि उन्होने वाहन को रुकवाकर कांवड़ियों से वार्ता की, तो उन्होने माना कि वाकई कांवड़ वाहन एक तरफ को झुका हुआ है, जो दुर्घटना का कारण बन सकता है। कांवड़ वाहन का वजन दोनों तरफ संतुलित कराकर वाहन को गंतव्य की ओर रवाना किया गया।

# अन्तरिक्ष यात्री शुभांशु शुक्ला ने एम्स में अपने अनुभव साझा किये

## प्रेरक कार्यक्रम का आयोजन



**ऋषिकेश ( चिंगारी )।** अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) में अंतरिक्ष यात्री ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला ने एक प्रेरक कार्यक्रम में छात्रों से संवाद करते हुए उन्हें अंतरिक्ष विज्ञान, नवाचार और चुनौतीपूर्ण करियर के प्रति प्रेरित किया। उन्होंने युवाओं को देश की सबसे बड़ी शक्ति बताते हुए कहा कि बड़े लक्ष्य हासिल करने के लिए बड़े सपने देखना और उन्हें पूरा करने के लिए निरंतर मेहनत करना आवश्यक है। संस्थान के मुख्य ऑडिटोरियम में आयोजित कार्यक्रम में शुभांशु शुक्ला ने आसपास के विभिन्न स्कूलों और कॉलेजों से आए छात्र-छात्राओं के साथ अपने अंतरिक्ष सफर के अनुभव साझा किये। उन्होंने कहा कि भारत के युवा वैश्विक अंतरिक्ष अनुसंधान में देश को नई ऊंचाइयों तक पहुँचा सकते हैं। उन्होंने छात्रों को विज्ञान एवं अनुसंधान के क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। कैप्टन शुक्ला ने अपने स्कूली जीवन से लेकर भारतीय वायु सेना और फिर अंतरिक्ष यात्री बनने तक की प्रेरक यात्रा का विस्तार से वर्णन किया। उन्होंने अंतरिक्ष मिशन के लिए चयन प्रक्रिया, गुरुत्वाकर्षण एवं भारहीनता से जुड़ा प्रशिक्षण, मानसिक एवं शारीरिक तैयारी, मेडिकल इमरजेंसी प्रशिक्षण, मिशन लॉन्च, अंतरिक्ष में चिकित्सा मेडिसिन इन स्पेस तथा पृथ्वी पर सुरक्षित वापसी तक के अनुभवों को वीडियो प्रस्तुति के माध्यम से छात्रों के साथ साझा किया। सत्र के दौरान उन्होंने विभिन्न स्कूलों एवं कॉलेजों के छात्र-छात्राओं द्वारा पूछे गए प्रश्नों के उत्तर भी दिए कार्यक्रम में कार्यकारी निदेशक प्रो. मीनू सिंह ने शुभांशु शुक्ला का स्वागत करते हुए उन्हें देश का वास्तविक नायक बताया। उन्होंने कहा कि अंतरिक्ष में भारत का प्रतिनिधित्व कर उन्होंने पूरे देश को गौरवान्वित किया है। इस अवसर पर डीन एकेडमिक प्रो. सौरभ वार्ष्णेय, डीडीए ले कर्नल गोपाल मेहरा, संस्थान के विभागाध्यक्ष, फैकल्टी सदस्य, प्रशासनिक अधिकारी, मेडिकल एवं नर्सिंग के छात्र-छात्राओं सहित विभिन्न स्कूलों और कॉलेजों के विद्यार्थी उपस्थित रहे।

### राकेश शर्मा के बाद वह दूसरे अन्तरिक्ष यात्री बने

**ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला भारतीय वायु सेना के वरिष्ठ फाइटर पायलट एवं अंतरिक्ष यात्री हैं। एनडीए से पास आउट कैप्टन शुभांशु ने जून 2006 में भारतीय वायु सेना के लड़ाकू विंग में कमीशन प्राप्त किया। वर्ष 2019 में उन्हें इसरो के महत्वाकांक्षी गगनयान कार्यक्रम के लिए चयनित अंतरिक्ष यात्रियों में शामिल किया गया। 25 जून 2025 को उन्होंने एक्सिओम-4 मिशन के पायलट के रूप में अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन ( आईएसएस ) के लिए उड़ान भरी। 18 दिन तक अंतरिक्ष स्टेशन पर वैज्ञानिक गतिविधियों में भाग लेने के बाद वह 15 जुलाई 2025 को सुरक्षित पृथ्वी पर लौटे। वर्ष 1984 में राकेश शर्मा के बाद पृथ्वी की कक्षा में पहुंचने वाले वह दूसरे भारतीय बने।**

# सैनिक कैंटीन के लिए भूमि दिलाने की मांग



**ऋषिकेश ( चिंगारी )।** क्षेत्रीय विधायक, पूर्व कैबिनेट मंत्री डॉ. प्रेमचंद अग्रवाल से उनके कैंप कार्यालय में पूर्व सैनिकों एवं अर्धसैनिक बलों के प्रतिनिधियों ने शिष्टाचार भेंट की। उन्होंने क्षेत्र में सैनिक कैंटीन के लिए भूमि उपलब्ध कराए जाने की मांग रखी। डॉ. अग्रवाल ने प्रतिनिधियों की मांग को गंभीरता से सुनते हुए तत्काल ऋषिकेश के नगर आयुक्त विजय नाथ शुक्ला को पत्र प्रेषित कर सैनिक कैंटीन हेतु उपयुक्त भूमि उपलब्ध कराने को कहा है। उन्होंने कहा कि पूर्व सैनिकों एवं अर्धसैनिक बलों के जवानों ने देश की सेवा में महत्वपूर्ण योगदान दिया है, ऐसे में उनकी सुविधाओं का ध्यान रखना हम सभी का दायित्व है। डॉ.अग्रवाल ने आश्वस्त किया कि सैनिकों की इस मांग को प्राथमिकता के आधार पर पूर्ण कराने के लिए हर संभव प्रयास किए जाएंगे। इस अवसर पर कुंदन सिंह नेगी, उपेंद्र सिंह, हिम्मत सिंह नेगी, बृजमोहन मनोरी आदि उपस्थित थे।

# वार्ता के उपरांत मांगों के संबंध में की गई कार्रवाई से कराया जाये अवगत

### ठेकेदार समिति ने दिया अ. अभियंता को ज्ञापन

**कोटद्वार ( चिंगारी )।** पर्वतीय ठेकेदार संघ समिति दुगड्डा के पदाधिकारियों ने लोनिवि दुगड्डा के अधिशासी अभियंता से समिति की मांगों पर हुई वार्ता के बाद मांगों पर उनके द्वारा कृत कार्रवाई की जानकारी देने की मांग की है। इस संबंध में समिति की ओर से अधिशासी अभियंता को सौंपे ज्ञापन में कहा गया है कि समिति पदाधिकारियों की 20 जुलाई को अपनी मांगों को लेकर जो वार्ता उनके साथ हुई थी, उन मांगों पर अधिशासी अभियंता द्वारा कृत कार्रवाई से समिति के पदाधिकारियों को अवगत नहीं कराया गया है। इस कारण अन्य ठेकेदारों में भी रोष पनप रहा है। ज्ञापन में अधिशासी अभियंता से मांगों पर उनके द्वारा कृत कार्रवाई से समिति के पदाधिकारियों को अवगत कराने की मांग की गई है। ज्ञापन सौंपने वालों में विपिन बिष्ट, मोहन पोखरियाल, हरीश कुमार, धीरज सिंह, राजेंद्र सिंह असवाल और जयप्रकाश रावत आदि ठेकेदार शामिल रहे।

# गुर्दे की बीमारी से आमजन हो रहे ग्रसित

### जागरूकता समिति का किया जाये गठन : धनगर

**कोटद्वार ( चिंगारी )।** नशा मुक्ति एवं किडनी लीवर बचाओ अभियान के संयोजक नंदलाल धनगर ने किडनी सुरक्षा को लेकर आम जन को जागरूक करने के लिए प्रभावी संस्था का गठन करने की मांग की है। कहा कि इस संबंध में आम जन को जागरूक किया जाना आवश्यक है। इस संबंध में उपजिलाधिकारी के माध्यम से देश के राष्ट्रपति व प्रधानमंत्री को प्रेषित ज्ञापन में उन्होंने कहा है कि वर्तमान में असुरक्षित अस्पताली इलाज के कारण किडनी-लीवर की बीमारी में वृद्धि दर्ज की जा रही है। एलौपैथी दवाओं के लगातार बढ़ते सेवन के कारण आम जन गुर्दे की बीमारी से ग्रसित हो रहा है, इस संबंध में आम जन को जागरूक करने के लिए अभी तक किसी भी प्रभावी संस्था का गठन नहीं किया गया है। इसलिए व्यापक जनहित को देखते हुए आम जन को इस बीमारी के प्रति जागरूक करने के लिए प्रभावी संस्था का गठन किया जाना चाहिए।

# 'वंदे मातरम' देश की अस्मिता का प्रतीक : प्रेमचंद



**ऋषिकेश ( चिंगारी )।** क्षेत्रीय विधायक पूर्व कैबिनेट मंत्री प्रेमचंद अग्रवाल ने राज्यसभा के पश्चात लोकसभा में भी वंदे मातरम गीत से संबंधित राष्ट्रीय गौरव अपमान निवारण संशोधन विधेयक पारित होने पर हर्ष व्यक्त किया है। उन्होंने इस निर्णय का स्वागत करते हुए इसे राष्ट्र के सम्मान एवं गौरव की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम भी बताया है। डॉ. अग्रवाल ने कहा कि वंदे मातरम केवल एक गीत नहीं, बल्कि देश की अस्मिता, स्वतंत्रता संग्राम की प्रेरणा और करोड़ों देशवासियों की भावनाओं का प्रतीक है। ऐसे में इसके सम्मान की रक्षा करना प्रत्येक नागरिक का कर्तव्य है। इस विधेयक के पारित होने से अब कोई भी व्यक्ति यदि इस गीत की अवहेलना करता है, उसकी गरिमा को ठेस पहुंचाता है या उसका अपमान करता है, तो उसके विरुद्ध सख्त कानूनी कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। कुछ लोगों की प्रवृत्ति बन गई है कि वे राष्ट्रीय गीत, राष्ट्रीय गान एवं राष्ट्रीय ध्वज जैसे पवित्र प्रतीकों का अनादर करते हैं। अब ऐसे लोगों को कानून के दायरे में लाकर कठोर कार्रवाई की जाएगी। राष्ट्रीय सम्मान का विषय पूरे राष्ट्र की एकजुट भावना का प्रतीक है। यह विधेयक भारत की सांस्कृतिक विरासत, राष्ट्रीय एकता और गौरव की रक्षा के लिए एक मजबूत आधार प्रदान करेगा।

# राज्य निर्माण सेनानियों ने रसिक महाराज को अपनी मांगों से अवगत कराया



**ऋषिकेश ( चिंगारी )।** शहीद स्मारक पर राज्य निर्माण सेनानी की एक बैठक का उत्तर प्रदेश सनातन परिषद के अध्यक्ष नरसिंह पीठाधीश्वर रसिक जी महाराज के मुख्य आतिथ्य, डीएस गुसाई के संचालन में एवं बलवीर सिंह नेगी की अध्यक्षता में राज्य निर्माण सेनानियों के चयनीकरण, 10 प्रतिशत क्षैतिज आरक्षण, उत्तराखंड राज्य आंदोलनकारी को राज्य निर्माण सेनानियों का दर्जा दिलाने सहित महत्वपूर्ण विषयों पर बैठक हुई। बैठक में रसिक जी महाराज ने पूर्ण आश्वासन दिया कि वह उत्तराखंड सरकार से जल्दी ही राज्य आंदोलनकारी के एक प्रतिनिधित्व की भेंट कराएंगे। रसिक जी महाराज ने कहा कि अगर उत्तराखंड सरकार आप लोगों की बात पर विचार नहीं करती है एवं आपकी मांगें पूरी नहीं करती हैं तो वह मांगों को पूरा करने के लिए गृहमंत्री अमित शाह से बात करेंगे। रसिक जी महाराज ने यह भी कहा कि अगर यहां से भी राज्य आंदोलनकारी की मांग पूरी करने का रास्ता नहीं निकला तो देश के प्रधानमंत्री से बात करेंगे। बैठक में संजय शास्त्री, चंदन सिंह पवार, गंभीर सिंह मेवाड़, युद्धवीर सिंह चौहान, रमा बल्लभ भट्ट, रमेश रतूरी, प्रमोद डोभाल, श्रीमती रामेश्वरी चौहान, लक्ष्मी बूढ़ाकोटि, जया डोभाल, रविंद्र कौर, जयंती नेगी, शकुंतला नेगी, कमला पोखरियाल, सतेश्वरी मनोरी, चैता कंडवाल आदि उपस्थित थे।

रामगंगा प्रकाशन बिजनौर के लिए प्रकाशक, मुद्रक **सूर्यमणि रघुवंशी** ने रघुवंशी प्रिंटर्स, स्वप्न लोक, नई बस्ती बिजनौर में मुद्रित कराकर स्वप्न लोक, नई बस्ती, बिजनौर से प्रकाशित किया।
संस्थापक-**स्व. बाबू सिंह चौहान।**
सम्पादक-**सूर्यमणि रघुवंशी।**
**आर. एन. आई. नं. 2417/57**
**डाक पंजीकरण संख्या- डी.एन./ यू.पी./ बी.जे.एन.-14/2025-27**
**E-Mail: dainikchingari@gmail.com**

**आवश्यकता है**

हल्दौर स्थित गारमेंट फैक्ट्री के लिए कुशल लेयर कटिंग मास्टर एंव कुशल महिला ऑफिस असिस्टेंट की आवश्यकता है। संपर्क करें-
9319823965
8191819148

## राम के इतिहास को पाठ्यक्रम में शामिल करने की उठी मांग

**वाराणसी (एजेंसी/चिंगारी)।** धार्मिक नगरी काशी के पातालपुरी मठ में भगवान श्रीराम के इतिहास और भारतीय सांस्कृतिक मूल्यों को जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से पातालपुरी सनातन धर्म रक्षा परिषद एवं विशाल भारत संस्थान के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित नौ दिवसीय 'श्रीराम परिवार गाथा' के दूसरे दिन शुक्रवार को धर्माचार्यों एवं इतिहासविदों ने राम के इतिहास को शिक्षा व्यवस्था में शामिल करने की आवश्यकता पर बल दिया। बड़कू हनुमान जी आश्रम के पीठाधीश्वर महंत प्रभु रामदास जी ने कहा कि श्रीराम के जीवन, आदर्शों और नीतियों को कक्षा पांच से लेकर स्नातकोत्तर स्तर तक के पाठ्यक्रम में शामिल किया जाना चाहिए।

BANSAL JEWELLERS
विश्वास की परंपरा, शुद्धता का वादा



मुख्य विशेषताएँ
100% हॉलमार्क सर्टिफाइड
केवल HUID हॉलमार्क वाले शुद्ध सोने के आभूषण।
ऑर्डर पर निर्माण
आपकी पसंद के अनुसार बेहतरीन कारीगरों द्वारा कस्टमाइज्ड ज्वेलरी।
सबसे कम दाम की गारंटी
हम गारंटी के साथ आपको पूरी मार्केट से सस्ता और बढ़िया ब्रांडेड माल देंगे।
पारदर्शिता की गारंटी
आपको माल की जो क्वालिटी बताई जाएगी, वही बैठेगी।
लेटेस्ट डिज़ाइन्स
एंटीक, मॉडर्न, लाइटवेट।

गोल्ड टेस्टिंग मशीन उपलब्ध है।
निकट एच.डी.एफ.सी बैंक, धनौरा रोड चाँदपुर (बिजनौर)
M. 9870630930, 9410237050
चांदी का सभी सामान होलसेल रेट पर उपलब्ध है।



**महालक्ष्मी प्रॉपर्टीज**

मात्र 5 लाख रुपयों में 100 गज का प्लॉट प्राप्त करें।
आसान किस्तों में भी प्लॉट उपलब्ध
सस्ते मकान व सस्ते प्लॉट लेने के लिये सम्पर्क करें-
अंकुर कुमार बिजनौर मो. 9837881234



MILLENNIUM PUBLIC SCHOOL
NAJIBABAD ROAD, KOTWALI DEHAT DISTT. BIJNOR
URGENTLY REQUIRED
PRT (ALL SUBJECTS)
ENGLISH CONVERSATION
URDU & SANSKRIT
Fluency in English is essential Experienced candidate will be preferred
Email : extrakotwali@gmail.com Send Resume on the Given Number
Phone No:-9412201377



खुल गया! खुल गया!
**श्री लाइट**



सजावटी फैंसी लाइटें, लक्जरी झूमर, फैंसी वॉल लाइट्स, कोव लाइट, लाइट्स, लैम्प आदि की बेशुमार वैरायटियां उपलब्ध हैं।



पंखे ही पंखे कूलर ही कूलर
बढ़िया क्वालिटी बेहतरीन रेट
Fybros Fans,
Havells Fans
Orient Fans



सिंघल इलेक्ट्रीक एजेन्सीज
नई बस्ती, निकट गुरुद्वारा, बिजनौर
मो. 9897024836, 8800092476



**मकान बिक्री के लिए**

मोहल्ला दरबाराशाह नजीबाबाद में स्थित, अग्रवाल धर्मशाला के पास व मंदिर के ठीक सामने, 308 वर्ग गज में बना दो मंज़िला कॉर्नर मकान (तीन तरफ रास्ता) बिक्री के लिए उपलब्ध है। यह संपत्ति बाजार एवं मुख्य नागरिक सुविधाओं के बेहद करीब स्थित है। सामने स्थित मंदिर की पवित्रता और परिवेश का आदर करने वाले परिवारों को प्राथमिकता दी जाएगी। इच्छुक खरीदार संपर्क करें 9701365465



Gents Specialist
Suit Sherwani Pant Shirt
Fancy Coat Ladies Coat
CLASSIC TAILORS
9927060150
CLASSIC SHOES
CLASSIC Shoes
M: 9897041426
NIKE PUMA SKECHERS WOODLAND RED CHIEF Lee Cooper campus
Add.: Chahshireen Road, Bijnor

Kajaria
TRANSFORM YOUR WORLD
Kajaria Exculsive Showroom
बिल्डर्स व थोक खरीदारों को विशेष छूट
Tiles & Sanitaryware का Exclusive Showroom



DR. FIXIT
WATERPROOFING EXPERT
TILE O GRIP
BONDING CHEMISTRY
Nanotechnology Based
SEELAN BLOCK
सीलन ब्लॉक
₹8/- PER SQ. FT
सभी प्रकार की सीलन से सुरक्षा
8445517265
8791919960
सेंट जौसफ स्कूल के सामने तीमरपुर, रावली रोड, बिजनौर